डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 102 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 21 मार्च 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटीं सुनीता विलियम्स

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू -9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3.27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। प्लाजमा के कारण ऐसा होता है। ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08.35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ, यानी

● स्पेसक्राफ्ट का टेम्परेचर बढ़ने पर 7 मिनट तक संपर्क टूटा, फ्लोरिडा समुद्र तट पर लैंडिंग



दरवाजा बंद हुआ। 10.35 बजे स्पेसक्राफ्ट स्टेशन से अलग हुआ। 19 मार्च को रात 2.41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया। इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और सुबह 3.27 बजे स्प्लैशडाउन। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बोइंग और नासा के 8 दिन के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इस मिशन का उद्देश्य बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता को टेस्ट करना था। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरीमेंट भी करने थे। लेकिन थ्रस्टर में आई गड़बड़ी के बाद उनका 8 दिन का मिशन 9 महीने से ज्यादा समय का हो गया था।

## मणिपुर हिंसा में एक व्यक्ति की गई जान

● हमार जनजाति के युवकों ने जोमी झंडा उतारा

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार रात करीब 10 बजे जोमी और हमार जनजाति के बीच हिंसा हुई। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ये हिंसा तब हुई जब हमार जनजाति के युवकों ने सीलमत क्षेत्र के पास फहराए गए



जोमी झंडे को उतार दिया। हिंसा को रोकने के लिए बुधवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। साथ ही चुराचांदपुर जिले के डिप्टी कमिश्नर धरुण कुमार ने अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण समाधान के लिए जिला मजिस्ट्रेट हर संभव कोशिश कर रही है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

## बुरहानपुर में सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी से तनाव

● कोतवाली का घेराव करने पहुंचे लोग, बाजार बंद

**बुरहानपुर (एजेंसी)।** बुरहानपुर में मंगलवार रात सोशल मीडिया पर धर्म विशेष पर टिप्पणी को लेकर तनाव फैल गया। इस विवादित टिप्पणी के खिलाफ बड़ी संख्या में लोग कोतवाली थाने का घेराव करने पहुंच गए।



सूचना मिलते ही कलेक्टर हर्ष सिंह, एडीएम वीर सिंह चौहान और एसपी देवेंद्र पाटीदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी अधिकारियों ने लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। सुरक्षा की दृष्टि से बाजार भी बंद करा दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से आरोपी का नाम और टिप्पणी का खुलासा करने से इनकार किया है।

## शराब की बोतल, दम मारो दम... वाला अंदाज पड़ा भारी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के फरवरी महीने में हुए स्थानीय निकाय के चुनावों में बीजेपी ने बड़ी जीत दर्ज की थी। इसके बाद बीजेपी ने राजकोट जिले में आने वाली धोराजी नगरपालिका का चेयरमैन संगीता बारोट को




बनाया था। संगीता बारोट के नगर पालिका चेयरमैन बनते हुए उनकी दम मारो दम...स्टाइल वाली कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। इसके साथ वह एक तस्वीर में शराब की बोतल को हाथ में लिए थीं इसलिए कुर्सी छोड़नी पड़ी।

## समलेटी बम ब्लास्ट मामला: सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। सुप्रीम कोर्ट ने समलेटी बम ब्लास्ट मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह मामला 22 मई 1996 का है, जब जयपुर-आगरा हाईवे पर एक रोडवेज बस में बड़ा धमाका हुआ था। इस विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे।

इस मामले में राजस्थान की अदालत ने मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद को फांसी की सजा सुनाई थी, जिसे बाद में राजस्थान हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा। वहीं, अन्य सात आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया था। इस फैसले के खिलाफ राजस्थान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी, वहीं दोषियों ने भी अपनी सजा को चुनौती दी थी।

क्या है समलेटी ब्लास्ट मामला?

22 मई 1996 को जयपुर से आगरा जा रही एक रोडवेज बस में बम धमाका हुआ था। इस ब्लास्ट में 14 यात्रियों की जान चली गई थी, जबकि कई घायल हुए थे। पुलिस की जांच में पता चला कि यह घटना 1993 के मुंबई बम धमाकों के बदले के तौर पर की गई थी। पुलिस ने इस मामले में अब्दुल हमीद सहित आठ लोगों को आरोपी बनाया था।

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और फैसला

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने की। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर टिकी हैं, जो जल्द ही सुनाया जाएगा।

राजस्थान सरकार का पक्ष

राजस्थान सरकार की ओर से कहा गया कि इस हमले में शामिल सभी आरोपियों को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए। सरकार ने सात अन्य आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है।

आरोपियों का पक्ष

दोषियों की ओर से दलील दी गई कि उन्हें झूठे आरोपों में फंसाया गया है और उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। उनके वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट से सजा में राहत देने की मांग की है।

अब देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला क्या आता है और क्या अब्दुल हमीद की फांसी की सजा बरकरार रहती है या नहीं।

## गहलोत का बड़ा बयान: "मुख्यमंत्री नए हैं, इसलिए हमने जानबूझकर आंदोलन नहीं किया"

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने अब तक भाजपा सरकार के खिलाफ कोई बड़ा आंदोलन इसलिए नहीं किया क्योंकि मुख्यमंत्री और मंत्री पहली बार सत्ता में आए हैं और उन्हें काम करने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी बात मीडिया के माध्यम से रखी, लेकिन सरकार को समझना चाहिए कि विपक्ष जो कह रहा है, वह उनके हित में है।

गहलोत ने कहा, "अगर सरकार अच्छी चलेगी, गवर्नेंस अच्छा रहेगा तो इसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं है, बल्कि रचनात्मक सहयोग भी देना है। अब यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह विपक्ष को कितना साथ लेकर चलती है।"

डोटासरा मामले में सरकार के रवैये पर गहलोत का हमला

राजस्थान विधानसभा में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के निलंबन को लेकर गहलोत ने सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 6 विधायकों को सस्पेंड किया गया और मुख्य विपक्षी दल के विधायकों को धरने पर बैठना पड़ा, वह दुर्भाग्यपूर्ण था। गहलोत ने कहा, "हमारे कार्यकाल में भी विधायक निष्कासित हुए, लेकिन हमने उन्हें बुलाकर बात की और निष्कासन समाप्त कर दिया। लेकिन इस सरकार में बिना विपक्ष के सदन चलाया गया और डोटासरा को टारगेट बनाकर




बहस करवाई गई। यह अनुभव की कमी को दर्शाता है।"

उन्होंने यह भी कहा कि "अगर सरकार में नैतिक साहस होता, तो विपक्ष को बुलाकर निलंबन समाप्त किया जाता और फिर बहस होती। लेकिन उन्होंने बिना विपक्ष के ही बहस करवाई, क्योंकि उनके पास सही सलाहकार नहीं हैं।"

"बीजेपी की पीआर एजेंसी पावरफुल, लेकिन चुनाव के बाद पोल खुल गई"

गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पीआर एजेंसी इतनी पावरफुल है कि वह चुनाव के दौरान ऐसा माहौल बना देती है कि सबकुछ सही लगने लगता है। लेकिन चुनाव के बाद हकीकत सामने आ जाती है।

उन्होंने कहा, "चुनाव प्रचार में भाजपा ने झूठ फैलाया। प्रधानमंत्री मोदी और उनके नेता जो बोल रहे थे, चुनाव के बाद उनकी पोल खुल गई है। आज कोई गवर्नेंस नहीं है, लोग परेशान हैं, सुनवाई नहीं हो रही।"

गहलोत ने कहा कि सरकार बनने के बाद गांव-गांव में लोग इस सरकार की कार्यशैली को लेकर चर्चा कर रहे हैं और हालात गंभीर बने हुए हैं।

"हमारी योजनाएं शानदार थीं, सरकार ने उन्हें कमजोर कर दिया"

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार की योजनाएं इतनी शानदार थीं कि आज भी उनकी चर्चा राजस्थान के बाहर हो रही है।

"हमने चिरंजीवी योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी से जुड़ी शानदार योजनाएं दी थीं, लेकिन इस सरकार ने उन्हें या तो कमजोर कर दिया या पूरी तरह से बंद कर दिया। हम सरकार को जनता से किए गए वादे याद दिलाते रहेंगे।"

गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस विधायक दल पूरी तरह एकजुट है और मजबूती से विपक्ष की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि "हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जनता को उनका हक दिलाने के लिए हम किसी भी हद तक जाएंगे।"

## 7 दिन, 20 लोग, 100 पन्नों की फाइल सील

● रान्या राव केस में आईएएस की जांच रिपोर्ट हटाएगी कई चेहरों से पर्दा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अभिनेत्री रान्या राव के सोने की तस्करी के मामले की जांच पूरी हो गई है। इस मामले में 20 लोगों से पूछताछ की गई है। आईएएस अधिकारी गौरव गुप्ता ने 11 मार्च को जांच शुरू की थी। रान्या पर आरोप है कि उन्होंने दुबई से बेंगलुरु में सोना गैरकानूनी तरीके से स्मगल किया। जांच टीम ने पिछले एक हफ्ते में 20 लोगों को नोटिस भेजा और उनसे पूछताछ की। सरकार ने जांच के लिए एक हफ्ते का समय दिया था। अब गौरव गुप्ता दो दिनों में रिपोर्ट सौंपेंगे। रिपोर्ट में पुलिस और कस्टम अधिकारियों की



लापरवाही के बारे में बताया जाएगा। जांच में रान्या राव के सौतेले पिता, डीजीपी डॉ. के रामचन्द्र राव पर भी नियमों को तोड़ने का आरोप है। पहले इस मामले की जांच पुलिस कर रही थी। बाद में इसे गुप्ता को सौंप दिया गया ताकि वे स्वतंत्र रूप से जांच कर सकें। कुछ बड़े अधिकारी भी जांच के घेरे में हैं। कस्टम विभाग के अधिकारियों पर भी लापरवाही के आरोप हैं। यह लापरवाही केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई। यहीं पर सोना तस्करी होने की बात कही जा रही है। जांच करने वालों ने डीजीपी रामचन्द्र राव से भी ढाई घंटे तक पूछताछ की है। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट 100 पेज से भी ज्यादा की है। इसमें बताया जाएगा कि स्थानीय अधिकारियों का तस्करी में क्या रोल है। रिपोर्ट से पता चलेगा कि सोने की तस्करी कैसे हुई। यह भी पता चल सकता है कि किसी अधिकारी ने मिलीभगत की या पद का गलत इस्तेमाल किया।

## नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम शिकंजे में

● पुलिस ने किया अरेस्ट, राजनीतिक दल का है अध्यक्ष

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में भड़की हिंसा के पीछे मास्टरमाइंड को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। नागपुर के महाल इलाके में तोड़फोड़ के बाद आगजनी हुई थी। इसके बाद सीएम फडणवीस ने पुलिस को कड़े कदम उठाने के लिए कहा था। पुलिस ने जिस शख्स को अरेस्ट किया है। उसका नाम फहीम शमीम खान है। यह भी सामने आया है कि नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड के तौर गिरफ्तार किए फहीम खान ने 2024 में बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नागपुर में 17 मार्च को हिंसा भड़की थी। तब यह माना गया था कि हिंसा औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए



तनाव के बाद हुई लेकिन नागपुर के पुलिस आयुक्त ने कहा था कि एक फोटो जलाने के बाद यह घटना हुई। नागपुर शहर पुलिस ने हिंसा और दंगे के मास्टरमाइंड फहीम खान को अरेस्ट करने के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 21 मार्च तक के लिए फहीम खान को पुलिस कस्टडी में भेज दिया। जानकारी के अनुसार फहीम खान एमडीपी का स्थानीय नेता है। जिसकी पहचान शहर में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के मास्टरमाइंड के रूप में की गई है।

## लालू जी, राबड़ी-मीसा को सस्ते में जमीनें क्यों बेची गई

● ईडी ने पूछा- रजिस्ट्री के बाद संजय राय और उसके परिवार को नौकरी मिली, ऐसा क्यों



**पटना (एजेंसी)।** लैंड फॉर जॉब केस में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव से ईडी की पूछताछ हो गई है। सुबह करीब 11 बजे लालू यादव बेटी मीसा भारती के साथ ईडी ऑफिस पहुंचे। पूछताछ के बीच पौने 2 बजे लालू को खाना और दवा के लिए लंच ब्रेक दिया गया। लालू से ईडी के सवाल: किशुन देव राय ने अपनी 3 हजार वर्ग फीट की जमीन मात्र 3 लाख 75 हजार रुपए में राबड़ी देवी को ही क्यों बेची। राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार और अजय कुमार से आप कब मिले थे। आप से मिलने और राबड़ी देवी को जमीन मिलने के बाद ही इन तीनों को मध्य रेलवे मुंबई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी क्यों मिली। महुआ बाग के रहने वाले संजय राय ने भी अपनी 3 हजार 375 वर्ग फीट जमीन राबड़ी देवी को तीन लाख 75 हजार में क्यों बेची। राबड़ी देवी के नाम जमीन रजिस्ट्री होने के बाद संजय राय और उसके परिवार के दो सदस्य को रेलवे में नौकरी मिली, ऐसा क्यों। किरण देवी ने अपनी 80 हजार 905 वर्ग फीट जमीन 3 लाख 70 हजार रुपए में आखिर आपकी बेटी मीसा भारती को ही क्यों बेची। जमीन रजिस्ट्री के बाद ही किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को सेंट्रल रेलवे मुंबई में नौकरी मिली, ऐसा क्यों। आप से मिलने के बाद हजारी राय के भतीजे दिलचंद कुमार और प्रेम चंद कुमार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर और साउथ ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में नौकरी मिली, ऐसा क्यों। लाल बाबू राय के बेटे लाल चंद कुमार को 2006 में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे जयपुर में नौकरी मिली थी।

## रूस से परमाणु युद्ध की तैयारी में जुटा फ्रांस

● नया एयरबेस बनाने का ऐलान

**पेरिस (एजेंसी)।** अमेरिका के हाथ खींचने के डर से खौफ में चल रहे यूरोप के लिए अच्छी खबर है। फ्रांस ने ऐलान किया है कि वह एक और परमाणु हमला करने में सक्षम नया एयर बेस बनाने जा रहा है। यही नहीं इस एयरबेस पर 40 नए राफेल फाइटर जेट को तैनात किया जाएगा जो सबसे आधुनिक एम 5 मानक वाले होंगे। यही नहीं इसमें हाइपरसोनिक मिसाइल भी लगाई



जाएगी। नया एयरबेस लूक्सेइल में बनाया जा रहा है। फ्रांस ने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब डोनाल्ड ट्रंप नाटो देशों की सुरक्षा से अपने हाथ खींच रहे हैं और रूस के परमाणु हमले के डर में यूरोपीय देश जी रहे हैं। इसी वजह से अब यूरोपीय देश अमेरिका से अलग अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना चाहते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने मंगलवार को इस नए परमाणु एयरबेस को बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि साल 2035 तक नई हाइपरसोनिक मिसाइल भी बनकर तैयार हो जाएगी।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## कब खत्म होगी रूस-यूक्रेन की जंग?

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मंगलवार को हुई टेलिफोन बातचीत उस कदर कामयाब भले न हुई हो जैसी उम्मीद की जा रही थी, फिर भी सीमित युद्धविराम पर सहमति शांति की दिशा में एक कदम जरूर है।

**पुतिन का कड़ा रुख**

पिछले हफ्ते एक महीने के अस्थायी युद्धविराम पर यूक्रेन की सहमति मिलने के बाद कई हलकों में माना जा रहा था कि शांति अब ज्यादा दूर नहीं है। इस लिहाज से रूसी राष्ट्रपति पुतिन का यह कड़ा रुख पहली नजर में बहुतों को अप्रत्याशित लग सकता है। लेकिन यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों का जितना कुछ दांव पर लगा है, उसे देखते हुए उनका फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना अस्वाभाविक नहीं है।

**घोषणाएं और शर्तें**

सीमित युद्धविराम पर सहमति के बाद शांति की बढ़ी हुई उम्मीदों के बीच दोनों ही पक्ष अपना रुख और कड़ा करते हुए दिख रहे हैं। जहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने स्थायी युद्धविराम के लिए यूक्रेन को मिलने वाली हर तरह की बाहरी सहायता पर पूर्ण रोक और उसे नैटो सदस्यता न देने की प्रतिबद्धता जैसी शर्तें रखी हैं वहीं यूक्रेन कह रहा है कि वह अपनी संप्रभुता को लेकर कोई सौदेबाजी नहीं करेगा और रूस को उसकी कब्जा की गई जमीन वापस करनी होगी।

**यूरोप की भूमिका**

यूरोपीय देश यूक्रेन के पलड़े का वजन बढ़ाने की कोशिश में अभी भी लगे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत में यह बात दोहराई कि स्थायी और न्यायपूर्ण शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन की स्थिति को अधिकाधिक मजबूती देने की जरूरत है।

**आगे की राह**

निश्चित रूप से पूर्ण युद्धविराम की ओर ले जाने वाली आगे की राह मुश्किलों से भरी है। यूक्रेन की कुल भूमि का करीब पांचवां हिस्सा रूस के कब्जे में है। क्या रूस यह जमीन लौटा देगा? न लौटाने पर क्या यूक्रेन इस जमीन पर अपना दावा छोड़ देगा? दोनों में से कोई विकल्प आसान नहीं, लेकिन याद रखना होगा कि विश्व बैंक के मुताबिक तीन साल से चल रहे इस युद्ध में अकेले यूक्रेन को 152 बिलियन डॉलर यानी करीब 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। इस तरह के मामलों में अक्सर देखा गया है कि समझौते से पहले संबंधित पक्ष अपनी ओर से कड़ी शर्तें रखते हैं और सुलह की संभावना बीच के रास्ते से बनती है।

# वोटर ID को आधार से लिंक करना अनिवार्य होगा या नहीं? जानें पूरी प्रक्रिया, फायदे और विवाद






भारत में मतदाता पहचान पत्र (वोटर ID) को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग (ECI) और केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। 18 मार्च को दिल्ली में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्रालय, विधि मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और UIDAI के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। सरकार का कहना है कि इस कदम से फर्जी मतदाता हटाए जाएंगे, जबकि विपक्ष का आरोप है कि इससे गरीब और वंचित तबकों के लिए मतदान प्रक्रिया जटिल हो जाएगी।

ECI के सूत्रों के अनुसार, वोटर ID-आधार को लिंक करने का मकसद आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची से डुप्लीकेट वोटर्स को साफ करना और पारदर्शिता लाना है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा,

18 मार्च को कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, 'यह फैसला लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बदौलत लिया गया। चुनाव आयोग ने यह स्वीकार किया कि कांग्रेस के उठाए गए फर्जी वोटर्स के मुद्दे सही हैं। यानी एक वोटर के पास कई वोटर ID कार्ड हैं, जिससे वोट में धांधली होती है। इस समस्या को आधार कार्ड के जरिए खत्म किया जा सकता है।'

राहुल गांधी ने X पर लिखा, 'कांग्रेस और INDIA ब्लॉक लगातार मतदाता सूचियों के मुद्दे उठाता रहा है। इसमें असामान्य रूप से मतदाताओं को जोड़ना, हटाना और डुप्लीकेट वोटर आईडी शामिल हैं।'

राहुल ने कहा, 'आधार से डुप्लीकेट वोटर्स नम्बर की समस्या हल हो सकती है, लेकिन सबसे गरीब और सबसे ज्यादा वंचित लोगों की लिंकिंग प्रोसेस में मुश्किलें हो सकती हैं।'

कांग्रेस और INDIA गठबंधन का आरोप है कि लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच सिर्फ 5 महीनों में 39 लाख नए वोटर्स जुड़े, जबकि पिछले 5 साल में सिर्फ 32 लाख नए वोटर्स जुड़े थे। महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या राज्य के कुल वयस्क नागरिकों से भी ज्यादा हो गई है।

इलेक्शन कमीशन पर डुप्लीकेट वोटर्स और मतदाता सूची में अप्रत्याशित नाम जुड़ने और हटाने को लेकर दबाव तो था, लेकिन वोटर ID को आधार से लिंक कराने का फैसला सिर्फ इसी वजह से लिया गया है, ये कहना मुश्किल है, क्योंकि 2015 में भी ऐसी प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे रोक दिया गया था।

2021 में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन के बाद आधार को वोटर ID से जोड़ने की इजाजत मिल गई थी। इसके लिए चुनाव आयोग ने मतदाताओं से आधार कार्ड का डेटा इकट्ठा करना शुरू भी कर दिया। हालांकि आयोग ने अभी तक दोनों डेटाबेस को लिंक नहीं किया।

वोटर ID को आधार से लिंक करने की प्रोसेस के लिए नए मतदाता को फॉर्म 6 और पुराने मतदाताओं को फॉर्म 6B भरना होगा। इसमें मतदाताओं के पास दो ऑप्शन होते हैं...

मतदाता अपना आधार नंबर दे दें।

मतदाता कह दें कि मेरे पास आधार कार्ड नहीं है।

अगर किसी के पास आधार नहीं है, तो वे दूसरा डॉक्यूमेंट दे सकते हैं। जैसे PAN, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या बैंक पासबुक।

इलेक्शन कमीशन ने सितंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि मतदाताओं को आधार देना जरूरी नहीं है। 66.23 करोड़ वोटर्स ने अपनी मर्जी से आधार नम्बर जमा करवाए हैं। सरकार ने यह भी कहा कि जो लोग अपने आधार कार्ड को मतदाता सूची से नहीं जोड़ते हैं, उनके नाम मतदाता सूची से नहीं काटे जाएंगे।

हालांकि इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अब अगर कोई वोटर अपना आधार कार्ड नहीं देगा, तो फॉर्म 6 में उसे इसका पुख्ता कारण बताना होगा। यह बदलाव कानून मंत्रालय जल्द ही गजट नोटिफिकेशन के जरिए करेगा। यह बदलाव बिहार विधानसभा चुनाव से पहले होने की उम्मीद है।

वोटर ID को आधार से लिंक करने पर मतदाताओं को 4 बड़े फायदे होंगे...

आसान रजिस्ट्रेशन प्रोसेस: मतदाता अपना वोटर ID आसानी से आधार कार्ड के जरिए रजिस्ट्रेशन या अपडेट कर सकेंगे। बिना कागजी प्रक्रिया के पता बदल जाएगा या नया ID कार्ड बन जाएगा।

आसान वेरिफिकेशन प्रोसेस: मतदान केंद्र पर आइडेंटिटी वेरिफिकेशन आसान और तेज हो जाएगा। इससे मतदाताओं को लंबी कतारों में इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

फर्जी वोटिंग से सुरक्षा: आधार कार्ड लिंकिंग से फर्जी वोटिंग की आशंका कम हो जाएगी। मतदाताओं का वोट सही तरीके से दर्ज होगा।

एक जगह मिलेगी डिटेल्स: अगर मतदाता सूची में कोई गलती होती है, जैसे नाम या पता गलत होना, तो आधार लिंक होने पर इसे ठीक करना आसान हो जाएगा। सारी डिटेल्स एक ही जगह इकट्ठी हो जाएंगी।

वोटर ID को आधार से लिंक करने का प्रयास चुनाव आयोग पहले भी कर चुका है। 2015 में चुनाव आयोग ने मार्च 2015 से अगस्त 2015 तक राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम (NERPAP) चलाया था। उस समय चुनाव आयोग ने 30 करोड़ से ज्यादा वोटर ID को आधार से लिंक करने का प्रोसेस पूरा कर लिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे. चेलमेश्वर, जस्टिस एस. ए. बोबड़े और जस्टिस सी. नागप्पन की बेंच ने फैसला सुनाते हुए प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

दरअसल, वोटर ID को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के करीब 55 लाख लोगों के नाम वोटर डेटाबेस से हट गए थे। आधार की संवैधानिकता को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को वोटर ID और आधार को लिंक करने से रोक दिया था। इनमें सबसे प्रमुख याचिका 2012 में जस्टिस (रिटायर्ड) के.एस. पुट्टस्वामी ने दायर की थी। कोर्ट ने इस रोक के पीछे 3 तर्क दिए थे...

1. आधार कार्ड के डेटा के साथ जोड़ने से जनता की राइट टू प्राइवेसी का उल्लंघन हो सकता है। इसका गलत इस्तेमाल किया जा सकता है।
2. आधार को वोटर ID से जोड़ने की वजह से वोटर लिस्ट में गड़बड़ी हो सकती है। कुछ लोगों को मतदान से वंचित किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पहलू पर भी विचार किया और सरकार से लिंकिंग की जरूरतों को स्पष्ट करने का आदेश दिया।
3. सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आधार को व्यक्ति की मर्जी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए, न कि अनिवार्य रूप से। \

सुप्रीम कोर्ट ने इसे सीमित करते हुए कहा कि आधार का इस्तेमाल सिर्फ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) और LPG सब्सिडी जैसी कुछ कल्याणकारी योजनाओं तक ही हो सकता है।

26 सितंबर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने आधार एक्ट को कुछ शर्तों के साथ वैध ठहराया। कोर्ट ने निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार माना, लेकिन आधार को कल्याणकारी योजनाओं के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति दी।

## प्रेरक व्यक्तित्व

डॉ. सत्यवान सौरभ




## सुनहरा लम्हा : अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुले रास्ते

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेस एक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जो सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।

(लेखक कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित

**प्रेरणा**

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### होली, मस्जिदें और तिरपाल

जैसे ही होली के पावन अवसर पर खबर आई कि मस्जिदों पर तिरपाल ओढ़ाई गई, ख्याल आया कि मस्जिदों का सफेद रंग होने के चलते रंग-बिरंगे रंगों से वे खराब न हो जाएं, इसलिए मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों को ढका होगा। लेकिन यहां तो सांप्रदायिकता की बू आ रही है। पता चल रहा है कि वे होली के रंग अपने धर्मस्थलों पर लगवाना ही नहीं चाहते। यह धर्मान्धता है। हिंदू-मुसलमान त्योहारों को खुशी से मनाते हैं, जैसे क्रिसमस, ईद आदि, और अगर कोई त्योहार मनाते नहीं हैं तो किसी त्योहार का इस तरह तिरस्कार नहीं करते हैं। अगर मस्जिदों को ढकने का निर्णय सिर्फ प्रदूषण से बचाव है, तो ठीक है, परंतु अगर रंगों से बचाव संस्कृति से बचाव है, तो यह सही नहीं है।

*- संतोष जायसवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### संगीत दिग्गज इलैयाराजा



राज्यसभा सांसद थिरु इलैयाराजा एक ऐसे संगीत दिग्गज हैं जिनकी प्रतिभा का हमारे संगीत और संस्कृति पर बहुत बड़ा प्रभाव है। वे हर मायने में एक अग्रणी व्यक्ति हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले लंदन में अपनी पहली पश्चिमी शास्त्रीय सिम्फनी, वैलिएंट प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विलियम्स का स्वागत



पृथ्वी पर वापस आने पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। अंतरिक्ष में आपकी 9 महीने की अविश्वसनीय यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक रही है। आपका साहस और समर्पण पीढ़ियों तक सपनों को प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

**-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### नारी सुरक्षा की व्यवस्था



सपा के शासनकाल में उप्र में शुरू हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। इससे नारी सुरक्षा की प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### सक्रिय दृष्टिकोण



भारत सरकार ने बहुत सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। ऊर्जा स्वतंत्रता और खनिज सुरक्षा के अलावा, संसाधन क्षेत्र विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन प्रदान करेगा।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर


### बलूचिस्तान में तीन विवि ने ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के तीन विश्वविद्यालयों ने सुरक्षा कारणों से अनिश्चित काल के लिए परिसर में कक्षाएं निलंबित कर दी हैं और छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। प्रांत में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच विश्वविद्यालयों ने यह कदम उठाया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान विश्वविद्यालय, सरदार बहादुर खान महिला विश्वविद्यालय और तुर्बत विश्वविद्यालय ने डीन और शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों के साथ परामर्श के बाद यह निर्णय लिया। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने सिबी के पास जाफर एक्सप्रेस को कब्जे में लेकर यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 26 बंधकों की जान चली गई थी। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुए हमलों और सुरक्षा खतरों के बाद तीनों विश्वविद्यालयों ने कक्षाएं ऑनलाइन कर दी हैं।

## ऑफ बीट

### बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं



हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।

# मुख्यमंत्री ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक - भजनलाल शर्मा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिए है कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न विभागों की परियोजनाओं एवं योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2024-25 में विभागवार निर्धारित की गई राशि का नियमानुसार एवं समुचित व्यय सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बजट घोषणाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लोककल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाए है, ताकि आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों का सुगमता एवं तत्परता से लाभ मिल सकें।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नारायण सिंह सर्किल बस स्टैण्ड किया जायेगा शिफ्ट




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये गये।

बैठक में महानिरीक्षक पुलिस (जेडीए), सचिव जेडीए, एडीशनल कमिशनर (ट्रेफिक), डीसीपी ट्रेफिक, आयुक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परिवहन विभाग, जेडीए के अभियांत्रिकी निदेशक-प्रथम एवं द्वितीय, निदेशक आयोजना, अतिरिक्त मुख्य अभियंता - सदस्य सचिव टीसीबी, मुख्य सतर्कता अधिकारी नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज, राजस्थान आवासन मण्डल, मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, स्मार्टसिटी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, जेएमआरसी, नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज, रीको के अधिकारीगण एवं मुस्कान एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशों की अनुपालना में बैठक में नारायण सिंह सर्किल बस स्टैण्ड को रोटरी सर्किल, ट्रांसपोर्ट नगर के पास उपलब्ध भूमि पर स्थानांतरित कर आगरा को जाने वाली बसों का आवागमन एवं बजरी मण्डी, दिल्ली रोड पर मण्डी के सामने रिक्त भूमि से दिल्ली को जाने वाली बसों का आवागमन 01 अप्रैल, 2025 से प्रारम्भ किया जायेगा।

जयपुर शहर में पिछले वर्षों में कई नई कॉलोनी का विकास हुआ है तथा जनसंख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है एवं नगरीय सीमा में सार्वजनिक परिवहन वाहनों की कमी होने के कारण जयपुर नगरीय निजी बस सेवा में मिनी बसों की संख्या में बढ़ोतरी किया जाना आवश्यक हो गया है। बैठक में कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 16 मार्गे पर वर्तमान निर्धारित स्कोप वाहन संख्या में वृद्धि किए जाने का अनुमोदन किया गया।

नगरीय टेंपो (8 से 10 सीटर) के 8 मार्गे के चौपहिया वाहनों के स्कोप में वृद्धिकरण/स्कोप का निर्धारण किया गया है। इसके साथ ही नगरीय टेंपो मार्गे के वाहन, तिपहिया के स्कोप के स्थान पर चौपहिया वाहनों के स्कोप में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही ई रिक्शा के स्टैंड हेतु स्थान निर्धारित करने हेतु निर्णय लिया गया।

बैठक में विभिन्न स्थानों पर यातायात संकेतक एवं नो पार्किंग बोर्ड कमेटी गठित कर लिये गये निर्णय उपरांत प्रमुख लगवाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यातायात के सुगम संचालन हेतु नो एंट्री के बोर्ड, स्पीड लिमिट के बोर्ड, यू टर्न निषेध संकट के बोर्ड, दुर्घटना संभावित क्षेत्र बोर्ड भारी वाहन प्रवेश निषेध बोर्ड, ट्रैफिक लाइट/ ब्लिंकर लाइट एवं रंबल स्ट्रिप इत्यादि कार्य कमेटी गठित कर करवाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही क्रेन हाउस यार्ड हेतु जविप्रा स्वामित्व की भूमि के उपयोग हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में शहर में हो रहे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने पर भी चर्चा हुई जिन्हें अभियान बनाकर हटवाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में जयपुर शहर में सर्किलों को छोटा करने किए जाने के संबंध में कमेटी गठित कर प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार सर्किलों को छोटा करने के कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में डिवाइडर पर स्थाई रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने का कार्य किया जाएगा। कुछ स्थानों पर रोड मीडियन कट बंद करने पूर्व में लगे हुए स्थाई सीमेंट बैरिकेट्स के स्थान पर स्थाई मीडियन बनाने के निर्देश दिये। ट्रैफिक लाइट के सामने अवरोधको को हटाए जाने हेतु नगर निगम को निर्देश प्रदान किए गए। बस स्टैंड/रेलवे स्टेशन के आस पास अस्थाई स्थाई अतिक्रमणों को हटाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

# अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर मुख्यमंत्री देंगे प्रदेश को कई सौगातें — भजनलाल शर्मा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर प्रदेश को कई सौगातें देंगे। आरआईसी, जयपुर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री वन प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान का शिलान्यास करेंगे। साथ ही सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज्म फैसिलिटीज एवं केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर एवं नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट प्रदेश की जनता को समर्पित करेगे। इस अवसर पर वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन का लोगो का अनावरण भी करेंगे।

वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षरक अरिजीत बनर्जी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वनमित्रों को किट वितरित करेगे। शर्मा वन विभाग में फील्ड में कार्यरत महिला कार्मिकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी करेगे। कार्यक्रम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा एवं जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन ऐजेन्सी (जाइका) के एजि वाकामास्तु का संबोधन भी होगा।

**डिजी-वन-फोरेस्ट स्टेक का उद्घाटन—**

बनर्जी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वन विभाग के नवाचार डीजी-वन एप का उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा विभागीय कार्यो में पारदर्शिता लाने हेतु नवीनतम आईटी तकनीक के उपयोग से विकसित 'डिजी-वन-फोरेस्ट स्टेक' एप विकसित किया गया है। इसका समुचित उपयोग विभाग के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। विभाग द्वारा वर्तमान में उपलब्ध राजकीय डेटा को यथा संभव एक ही प्लेटफार्म पर लाने के प्रयास किये जाने आवश्यक हैं जिससे कि विभागीय कार्यप्रणाली को आमजन के लिए भी अधिकाधिक उपयोगी एवं अधिक पारदर्शी बनाया जा सके।

इस वर्ष वानिकी दिवस की थीम 'फॉरेस्ट्स एण्ड फूड' रखी गयी है। राजस्थान जहां वन क्षेत्र सीमित है, यह दिवस विशेष रूप से महत्वपूर्ण है ताकि वन संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और पर्यावरण संतुलन के लिए जनजागरूकता बढ़े। गत वर्ष 5 जून को राज्य सरकार द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान प्रारम्भ किया गया । मिशन 'हरियालो राजस्थान' के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2024-25 में राज्य में 7 करोड़ पौधे रोपित किये गये हैं। 2025-26 में 10 करोड़ पौधे लगाये जाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा 39 नवीन नर्सरियों की स्थापना भी की जा रही है।

वन विभाग में दो बाह्य सहायता परियोजनाऐं भी क्रियान्वित कर रही है। फ्रांस की फ्रेंच डवलपमेंट ऐजेन्सी (एएफडी) के सहयोग से 1693 करोड रूपये एवं जापान की जापान इंटरनेशनल कोर्पोरेश्न ऐजेन्सी (जाइका) के सहयोग से 1774 करोड की लागत की योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि जाइका द्वारा राजस्थान में वानिकी क्षेत्र में 3 दशकों से अधिक समय से सहयोग किया जा रहा है। वर्तमान जाइका प्रोजेक्ट प्रदेश में जाइका का छठा एवं जाइका के इतिहास में वानिकी क्षेत्र का सबसे बडा प्रोजेक्ट है।

# जैन विश्व भारती संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए - राज्यपाल




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शिक्षा के जरिए चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किए जाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल बागडे गुरुवार को लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती संस्थान के 35वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है। प्राचीन ज्ञान के आधुनिकीकरण के साथ हम सभी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करें। उन्होंने आचार्य तुलसी को याद करते हुए उनके अणुव्रत आंदोलन एवं नशा मुक्ति हेतु किये गए प्रयासों से प्रेरणा लेकर नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लेने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान समुद्र समान है, हमें बौद्धिक क्षमता का विकास करना चाहिए और लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

राज्यपाल बागडे ने इस दौरान शिक्षा,खेल,शोध एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और संस्थान के शिक्षकों को सम्मानित भी किया।

इससे पूर्व राज्यपाल बागडे ने विश्वविद्यालय के नवीनीकृत कुलपति कार्यालय और सेमिनार हॉल का उद्घाटन किया। साथ ही इस अवसर पर जैन विश्व भारती चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया।

# बुर्हानुद्दीन बाबा का 4 दिवसीय वार्षिक मेला 17 अप्रेल से



**जाफ़र लोहानी**

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत ताला की ऊंची डूँगरी पर विराजमान हिन्द मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बुर्हानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह का 4 दिवसीय वार्षिक मेला 17 अप्रेल गुरुवार को झंडे की रस्म के साथ मे विधिवत शुरू होगा जो कि 20 अप्रेल रविवार को विधिवत सम्पन होगा।

खादिम अनवर खान शेख (रेलवे विभाग) ने बताया कि दरगाह कमेटी की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से ये निर्णय लिया गया है कि इस बार मेले में लगने वाली दुकानों का किसी भी प्रकार का शुल्क नही लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हजरत बुर्हानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह ताला में आने से पूर्व अमरसर के इलाके में रहते थे।

वहा के शंकर लाल जांगिड़ ने बताया था कि वर्षों पूर्व नायन अमरसर के रेतीले टीलों में सुनसान बियाबान जंगल में बाबा ने अकेले बैठ कर के कठोर तपस्याए की थी उन्होंने इस तपस्या के बल पर अपने खुदा को राजी किया था यहां आस - पास में रहने खाने और पीने की कोई व्यवस्था नहीं थी बाबा का निजाम यह था कि खुदा की ईबादत बड़े ही तल्लीनता से करते थे और जो भी खुदा से दुआएं करते थे वो पूरी हो जाती थी जिसके परिणाम स्वरूप उनके पास अपने आप ही खाना आ जाया करता था धीरे-धीरे बाबा की करामातें अन्य लोगों तक पहुंची इसके बाद कुछ लोग आना शुरू हो गए जब उन लोगों को लाभ पहुंचा तो उन लोगों ने गांव में बताए इस पर गांव के लोग भी वहां आए और चमत्कार देखे उसके बाद इनकी चमत्कार की कहानी घर घर तक पहुंची।

लोगों का कहना है कि यहां पर राजा हो या रंक सबकी तमन्नाए पूरी हुई है बाबा ने दुआ के वास्ते हाथ उठाकर के उनके हक में दुआएं मांगी और दुआएं तुरंत कबूल हो गई यह करामात बा दस्तूर आज भी जारी हैं।

आज भी गरीब हो या अमीर सब बाबा के दरबार में आते हैं चमत्कार देखते है जंगल में आकर बाबा के धूणे के पास बैठकर दुआ करने वाले सफल है।

जायरीनों ने बताया कि बाबा बुर्हानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के धूणे पर आज भी कई करामातें हो रही हैं! बाबा की दुआओं से मुकक़्क़र संवर जाता हैं। बुर्हान बाबा ने कठोर तपस्या के बल पर वह मुकाम हासिल कर लिया था जिसके लिए बड़ी-बड़ी हस्तियां भी तरस जाया करती है और बाबा ने मायूस लोगों की तमन्नाएं पूरी की है बाबा के दरबार पर रोते हुए आते थे और हंसते हुए जाते थे बाबा की नजर में कोई भेदभाव नही हैं सब को एक समान से देखते हैं।

# हर विधान सभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये से नॉन पेचेबल और मिसिंग लिंक सड़कों के कार्य - मंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने गुरूवार को विधानसभा में कहा कि इस वर्ष के बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रू की राशि से नॉन पेचेबल सड़कों के नवीनीकरण तथा मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण की घोषणा की गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र आमेर में परीक्षण करवाकर आवश्यकतानुसार सड़कों के कार्य किये जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सड़कों के निर्माण, नवीनीकरण, मरम्मत आदि कार्यों के लिए सड़कों का चयन संबंधित जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाता है।

सार्वजनिक निर्माण मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण, मरम्मत आदि कार्यों के संबंध में निर्णय आमजन और जन प्रतिनिधियों द्वारा बताई गई आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर लिया जाता है।

इससे पहले विधायक प्रशान्त शर्मा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र आमेर में क्षतिग्रस्त एवं नॉन पेचेबल सड़कों के नवीनीकरण के प्रगतिरत कार्यों की सूची सदन के पटल पर रखी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की शेष क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत विभागीय मद द्वारा समय-समय पर आवश्यकता एवं कार्यों की पारस्परिक प्राथमिकता के आधार पर की जाती है।

# विभिन्न जलग्रहण परियोजनाओं में भागीदारी बढ़ाने हेतु जलग्रहण विकास व भू संरक्षण विभाग एवं औद्योगिक संस्थान आईटीसी के बीच हुआ एमओयू



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य में संचालित की जा रही विभिन्न जलग्रहण परियोजनाओं यथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान आदि में जनभागीदारी व औद्योगिक/व्यावसायिक संस्थानों की भागीदारी बढ़ाने हेतु गुरूवार को जलग्रहण विकास व भू संरक्षण विभाग एवं औद्योगिक संस्थान आईटीसी के मध्य एमओयू किया गया। एमओयू पर मुहम्मद जुनैद ,निदेशक एवं संयुक्त सचिव, जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग तथा एस.शिवकुमार, आईटीसी द्वारा हस्ताक्षर किये गये। आईटीसी द्वारा बूंदी जिले की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, हिण्डोली, झालावाड़ जिले की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, बकानी एवं झालावाड़ जिले की मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, झालरापाटन परियोजनाओं में चेक डैम ,एनिकट जैसे जल सरंक्षण कार्यों के निर्माण के साथ—साथ कृषकों को उन्नत तकनीक कृषि के प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

भारत सरकार के भू-संसाधन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई वाटरशेड कप प्रतियोगिता में भी स्थानीय समुदायों, एनजीओ और सीएसआर पहल के साथ जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण और मृदा प्रबंधन को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर दिया जा रहा है।

इस प्रकार की बेहतरीन जल संरक्षण परियोजनाओं को 20 लाख रुपए तक की पुरस्कार राशि मिल सकती है ।

# बहाई धर्मावलंबियों ने 'नवरोज' का पर्व धूमधाम से मनाया



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के बहाइयों की आध्यात्मिक सभा के सचिव अनुज अनन्त ने बताया कि बापूनगर स्थिति बहाई हाउस में बहाई नववर्ष 'नवरोज' का पर्व समारोह पूर्वक धूम धाम से मनाया गया।

विभिन्न भाषाओं में प्रार्थनाओं के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में रामेश्वर बैरवा और डॉ. नेजात हकीकत ने नवरोज के ऐतिहासिक महत्व और समसामयिकता पर प्रकाश डाला। बच्चों और युवाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# 12 वर्षीय अलशिफा ने जीवन का पहला रमजान रखा

**-14 घंटे रमजान रखकर अपने सब्र का इम्तिहान दिया**



जाफर लोहानी

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। कस्बे के रावधीर सिंह कॉलोनी निवासी आरिफ खान की पुत्री अलशिफा खान उम्र 12 वर्ष ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा है।

जानकारी देते हुए गुलशेर खान ने बताया कि अलशिफा ने सुबह 4 बजे उठकर खाना व सवैया खाई और 5 बजे शहरी बंद कि उसके बाद से ही शाम को 6 बजकर 41 मिनट तक भूखी प्यासी रहकर अपने रब की इबादत कर अपने सब्र का इम्तिहान दिया और अपने रब को राजी किया।

इस दौरान सलाऊ खान ने बताया कि रमजान रखने में बड़े ही नहीं बल्कि छोटे बच्चों में भी होड सी लगी हुई है।

वहीं उन्होंने बताया कि अलशिफा ने रोजा इफ्तार करने से पूर्व भारत देश के लिए अमन चैन की व खुशहाली की दुआ मांगी।

**ऐसे समझे:-**

सुबह जल्द ही 4 बजे अलशीफा के माता पिता ने उसे सुबह उठाया और उसके लिए खीर सवैया व खाना बनाने जैसे बढ़िया तैयारियां की गई। वही शहरी करने के बाद अलशिफा ने फजर की नमाज अदा की और पूरे दिन में वह थोड़ा समय के लिए आराम की और उसके बाद ही उन्होंने अल्लाह का जिक्र भी किया और कुरआन पढ़ी दोपहर की नमाज अदा की।इसके बाद ही सांय 5 बजे घर पर इफ्तार की तैयारियों में अलसीफा ने अपने घर वाले के कामों में हाथ बटाया फ्रूट जूस बनाया गया। इसके पूर्व ही भारत देश के लिए खुशहाली अमन चैन की दुआएं मांगी है।

इस मौके पर शफी खान हसन खान, फिरोज खान असीम खान,आसिफ खान आदिल खान आरिफ खान नईम खान गुलाम रसूल सलाउद्दीन गुलशेर, सईद खान आबिद खान समीर खान निसार खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वेयरहाउस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ने किया उप मुख्यमंत्री का अभिनंदन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरवार को वेयरहाउस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा होटल मैरियट में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में निवेशकों को आकर्षित करते हुए उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान का आयोजन कर निवेशकों का मार्ग प्रशस्त किया गया हैं। राज्य बजट में Rajasthan Logistic Policy के माध्यम Warehouse को Industry का दर्जा दिया गया और Warehouse को Regularize किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में वेयरहाउस के माध्यम से जहां एक ओर Good Inventory Management को बढ़ावा मिला है, समय पर Work Order की Delivery सम्भव हुई है, परिवहन लागत में कमी आई है, अच्छी ग्राहक सेवा मिली है, वहीं जगह-जगह Warehouse बनने से संस्था, परिवार में महिला आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है।

उप मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि VKI क्षेत्र जयपुर का एक प्रमुख Logistic Centre है जहां पर Warehouse के Rent और Company building से महत्वपूर्ण SGST और GST Revenue उत्पन्न होता है। यहां बड़ी संख्या में MNC की उपस्थिति है जिससे VKI के Logistic महत्व का पता चलता है। यहां का Eco system मजबूत है, बड़ी संख्या में Warehouse होने से रोजगार बढ़ा है। Highway से जुडाव, Railway Station, मुख्य बाज़ार से नजदीकी के कारण व्यापार क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। मेरा प्रयास है कि यहां ज्यादा से ज्यादा बने।

उन्होंने कहा कि वेयरहाउस हाउस एसोसिएशन द्वारा Warehouse Industry के हितों के लिए कार्य किया जाना, प्रधानमंत्री के गतिशक्ति विजन को साकार करने, Logistic Cost को कम करने, Product को सुरक्षित रखते हुए उसकी गुणवत्ता बनाए रखने में, Members के सशक्तिकरण के लिए, योजनाओं के लिए जागरूकता लाने, पर्यावरण संरक्षण, Green Warehouse को बढ़ावा देने, सौर ऊर्जा के अधिकाधिक प्रयोग करने और राजस्थान को Warehousing का Hub बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्य प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि मेरा यह प्रयास है कि विद्याधर नगर क्षेत्र के विकास के लिए हर सम्भव कार्य करूं, यहां पेयजल, आवागमन, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली सभी सुविधाओं का विस्तार हो, औद्योगिक और सुरक्षित वातावरण के साथ ही आमजन को हर सम्भव सुविधा मिले।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं ने किया एक देश एक चुनाव पर मंथन और प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन



अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में जिला स्तर पर विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। इसके पहले दिन लगभग 50 प्रतिभागियों ने "एक देश एक चुनाव" विषय पर अपने बेबाक विचारों को प्रस्तुत किया।

प्रतिभागियों के पंजीयन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज शिक्षा राजस्थान के सहायक निदेशक प्रो. सुशील कुमार बिस्सु तथा अध्यक्षता सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार बहरवाल द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केन्द्र अजमेर के जिला युवा अधिकारी जयेश मीना रहे।

उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार बहरवाल ने विश्व के विभिन्न लोकतांत्रिक देश की चुनाव प्रणालियों का उदाहरण देते हुए "एक देश एक चुनाव" के महत्व को समझाया और प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

उन्होंने बताया कि युवा संसद का आयोजन "एक देश एक चुनाव" थीम पर किया गया। इसमें अजमेर, ब्यावर, नागौर तथा डीडवाना, कुचामन जिलों के 75 प्रतिभागियों ने आयोजन के प्रथम दिवस पर भारतीय संसदीय परंपरा के अनुरूप अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया। गुरूवार को 75 प्रतिभागी युवा संसद में भाग लेंगे। अंतिम रूप से चुने जाने वाले सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागी राज्य स्तर पर राजस्थान विधानसभा में होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा राजस्थान के सहायक निदेशक प्रो. सुशील कुमार बिस्सु ने अपने उद्बोधन में "एक राष्ट्र एक चुनाव" की संकल्पना की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए वर्तमान केंद्रीय सरकार के इस संदर्भ में प्रयासों को आवश्यक बताया। प्रो. बिस्सू ने कर्तव्य पालन और राष्ट्र कल्याण की महती अभिलाषा से ओतप्रोत युवा शक्ति के निर्माण की बात कही।

जिला युवा अधिकारी जयेश मीना ने प्रतिभागियों को युवा संसद की कार्यवाही के विभिन्न नियमों से अवगत करवाया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. हरभान सिंह ने प्रतिभागियों के राज्य स्तर पर चयन के विभिन्न मापदंडों से परिचित कराया। प्रतिभागियों ने "एक देश एक चुनाव" के गुण और दोषों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें चुनाव के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और व्यावहारिक पक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में डॉ. गिरीश सिंह, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. सुनील वर्मा, संजय शर्मा, श्रीमती शिल्पा कच्छावा रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आस्था दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशुतोष पारीक, डॉ. उमेश दत्त, डॉ. विजय कुमार एवं डॉ. सीमा गोठवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. राजेश मीणा, डॉ. प्रकाशचन्द्र शर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. योगिता मोतियानी, डॉ. प्रियंका कुमावत, डॉ. मोहित कुमार सैनी, एन एस एस स्वयंसेवक मीनाक्षी शर्मा एवं अन्य स्वयंसेवक, सेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

# दादा साहब हजरत उमर शाह आबाद र.अ. झूंपी शरीफ का 24वां उर्स

**- उर्स दौरान जायरिनों के लिए रोजा इफ्तार व सेहरी माकूल इंतजाम रहेगा**

**- जोधपुर, पाली, देसूरी सुमेर झूपी के लिए नि:शुल्क बसों का इंतजाम रहेगा**



जोधपुर(रॉयल पत्रिका)। हिन्द-मुस्लिम कौमी एकता की मिशाल दादा साहब हजरत उमर शाह आबाद र.अ. झूंपी शरीफ सुमेर झूपी, तहसील देसूरी, जिला पाली वालों का 24वां उर्स मुबारक शुरू हो गया। जोधपुर संभाग सहित मुम्बई, अहमदाबाद से जायरिनों का आने क्रम शुरू हो गया। 21 मार्च शुक्रवार को यूपी के मशहूर कव्वाल मोईन निजामी एण्ड पार्टी व पगड़ीबंद कव्वाल तौफिक रोशन (जमाल रोशन) एण्ड पार्टी मनमोहक कव्वालिया व कलाम पेश करेंगे।

दरगाह कमेटी के सज्जादा गद्दी नसीन अय्युब साहब ने जानकारी देते हुए बताया कि हिन्द-मुस्लिम कौमी एकता की मिशाल दादा साहब हजरत उमर शाह आबाद र.अ. सुमेर झूंपी वालों का 24वां उर्स मुबारक हर साल तरह इस साल भी बड़े एतराम के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान जोधपुर संभाग सहित मुम्बई, अहमदाबाद से जायरिनों का आने क्रम शुरू हो गया। 21 मार्च को दरगाह शरीफ में बड़ी चादर पेशकर की जाएगी एवं देश में अमन व चैन भाईचारे की दुआएं मांगी जाएगी। उर्स के दौरान जायरिनों के लिए दोनों समय शुद्ध शाकाहारी लंगर व रोजा इफ्तार व सेहरी का माकूल व्यवस्था की गई है। वहीं उर्स के दौरान लंगर का इंतजाम भामाशाह लालाराम, पुनाराम पुत्र नेनाराम चौधरी निवासी वारा सोलंकियान व महाप्रसादी गफूर खा बगे खा पुत्र ऊके खान पांथेड़ी, जालोर की तरफ की जाएगी। इस दौरान उर्स कमेटी के जीवाराम परिहार, हरीसिंह व्यास, जसाराम चौधरी, गोपालकृष्ण श्रीमाली, रमण जैन, जहीर अहमद, मनोज कुमार, मगनसिंह व्यास, भंवरसिंह मादा, कासम खान, अब्दुल खान सहित सभी कार्यकर्ता व्यवस्थाओं जुटे हुए है।

मीडिया प्रभारी जस्साराम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हजरत उमर शाह आबाद र.अ. सुमेर झुंपी की शान में 20 मार्च गुरुवार को रात 10 बजे मिलाद शरीफ, जिसमें उल्लेमा तकरीर पेश करेंगे। वहीं 21 मार्च शुक्रवार को सुबह 11.30 बड़ी चादर शरीफ पेश की जाएगी। उसके बाद महाप्रसादी (लंगर खाना) आयोजन होगा। रात 11 बजे महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया।

जिसमे म यूपी के मशहूर कव्वाल मोईन निजामी एण्ड पार्टी व पगड़ीबंद कव्वाल तौफिक रोशन (जमाल रोशन) एण्ड पार्टी मनमोहक कव्वालिया व कलाम पेश करेंगे। 22 मार्च शनिवार शुक्रवार को सुबह कुल की फातिहा (लंगर प्रसादी) के साथ उर्स समापन होगा। वहीं उर्स के इस मर्तबा रोजा इफ्तार व सेहरी का माकूल इंतजाम किया गया। वहीं जोधपुर, पाली, देसूरी से सुमेर झूपी तक नि:शुल्क बसों का इंतजाम किया गया।

# यूआईडीएआई और ईसीआई के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। देश के चुनाव आयोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में केंद्रीय गृह सचिव, सचिव विधायी विभाग, सचिव मीटीई और सीईओ, यूआईडीएआई और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की।

देश के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है, आधार कार्ड व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि ईपीआईसी को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23 (4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार तथा डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 177/2023 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप ही किया जाएगा। तदनुसार यूआईडीएआई और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आमजन को मिल रही त्वरित राहत- संभागीय आयुक्त




बारां, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के जन हितैषी एवं पारदर्शी प्रशासन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन को त्वरित व प्रभावी राहत प्रदान की जा रही है। जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा की और अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और समाधान की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

जिला प्रशासन द्वारा अटल जनसेवा शिविर के तहत माह के तृतीय गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन डीओआईटी कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। इस जनसुनवाई की अध्यक्षता संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने की। इस अवसर पर जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी, जिला परिषद सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, डीएफओ अनिल यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

संभागीय आयुक्त शेखावत ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त परिवादों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवाद को गंभीरता से लेकर उसका समाधान समयबद्ध रूप से किया जाए। जनता से जुड़े मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उन्हें शीघ्र निस्तारित किया जाए। संवेदनशील मामलों में त्वरित निर्णय लेकर आमजन को राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों को समयबद्ध तरीके से हल किया जाए और परिवादियों को त्वरित राहत प्रदान की जाए।

**53 परिवाद प्राप्त, 7 मामलों का मौके पर समाधान**

जनसुनवाई के दौरान कुल 53 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल थी। ग्रामीण विकास विभाग नौ, चिकित्सा विभाग दो, राजस्व विभाग 10, आपदा प्रबंधन विभाग चार परिवाद, वन विभाग तीन, स्वायत्त शासन विभाग तीन व पुलिस विभाग से तीन परिवाद एवं अन्य विभागों सहित कुल 53 परिवाद प्राप्त हुए।

जनसुनवाई के दौरान 7 प्रमुख मामलों का मौके पर ही समाधान कर आमजन को राहत दी गई।

जनसुनवाई में त्वरित समाधान करते हुए जिला कलक्टर ने कृषक लोकेश मीणा के कृषि बिल की राशि 18,038 रुपए को संशोधित कर 5,700 रुपए कर दिया, जिससे परिवादी को तत्काल राहत मिली।

अंता के ग्रामवासियों ने शिकायत की कि गांव में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की जा रही है। इस पर जिला कलक्टर ने राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजी और अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाई गई। श्योपाल ने अपने मकान के बाढ़ में बह जाने की शिकायत प्रस्तुत की। इस पर आवश्यक कार्यवाही कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त अन्य परिवादों को भी शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# विद्यार्थी जागरुकता कार्यक्रम का सफल आयोजन




जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (RUIDP) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वारा बुधवार को विधा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खोखरिया, बनाड़ रोड में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रूडिप जोधपुर के अधीक्षण अभियंता लक्ष्मण पंवार के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में आरयूआईडीपी के विकास कार्यों एवं लाभों की जानकारी देते हुए मनोज श्रीवास्तव (सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई, जयपुर) ने बताया कि क्षेत्र में चल रहे आरटीओ ड्रेनेज कार्य से वर्षा जल निकासी की समस्या का समाधान होगा, जिससे जलभराव की समस्या दूर होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए कहा कि निर्माणाधीन स्थल पर न जाएं और सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस अवसर पर सामाजिक विकास विशेषज्ञ संतलाल सारण (एस.डी.ई. कैप) ने स्वच्छता, ठोस कचरे के सही निस्तारण और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंद्रिका गहलोत ने विद्यार्थियों को इस जानकारी को अपने परिवारों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। ए.एस.डी. धीरेन्द्र वैष्णव ने निर्माणाधीन आरटीओ ड्रेनेज के लाभ एवं परियोजना संबंधी शिकायतों और सुझावों के लिए उपलब्ध टोल-फ्री नंबर की जानकारी दी।कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापक सुनील मिश्रा, भानाराम, संवेदक फर्म एस.एम. सी.सी. के एस.ओ.टी. अशोक गर्ग का विशेष सहयोग रहा।

# आमजन के कार्यो का निर्धारित समयावधि में हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण - जिला कलक्टर



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण मे आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान व निराकरण के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की उपस्थिति जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में हुआ।

जिला कलक्टर ने सभी जिला एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर आमजन के कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने आगामी त्यौहारों के मध्यनजर सभी उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को सर्तक रहते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने कहा कि जूलूसों के मार्गो में परिवर्तन नहीं करे और ड्रोन के माध्यम से सम्पूर्ण गतिविधियों पर पूर्ण निगरानी रखे। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए विद्दुत व जलापूर्ति सुचारू रखने पानी तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने क्षतिग्रस्त हेण्डपमप व ट्यूबवेल को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। बैठक में विद्दुत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने सभी पुराने विद्दुत पोल की जांच करने तथा क्षतिग्रस्त पोल व ढीले विद्दुत तारों को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु में अनावश्यक विद्दुत कटौती नहीं करने तथा सुचारू विद्दुत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में अवैध खनन रूकवाने, वर्ष 2022-23 की छात्रवृति दिलवाने, खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जुड़वाने, सड़क बनवाने, 11 हजार केवी विद्दुत लाईन हटवाने, पोल शिफ्ट करवाने, रोड़ लाईट चालू करवाने, अवरूद्ध रास्ता खुलवाने, श्याम वाटिका पानी की टंकी के पास से अवैध अतिक्रमण हटवाने, जनाधार से नाम हटवाने, वार्ड नंबर 12 सीसी सड़क बनवाने, बापू नगर खेरदा में सीवरेज लाईन डलवाने, पुलिस जाप्ता उपलब्ध करवाने सहित कुल 53 प्रकरण प्राप्त हुए। कलक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय पर प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसडीएम अनूप सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरिसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्दुत विभाग बी.एल. मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हजरत शहीद पीर दुल्हे शाह बाबा चोटिला का 17 वां रोजा उर्स मुबारक सम्पन्न

**- चादर पेशकर देश में अमन-चैन-भाईचारा की दुआएं मांगी**



पाली(रॉयल पत्रिका)। हजरत शहीद पीर दुल्हे शाह बाबा चोटिला का 17वां रोजा मुबारक मौके पर एक दिवसीय मीनी उर्स मुबारक बड़ी शानों शौकत के साथ मनाया गया। उर्स के दौरान सैकड़ों जायरिनों शिरकत कर दरगाह में चादर पेशकर देश में अमन चैन भाईचारे की दुआएं मांगी।

हाजी जाबिर हुसैन मारसाहब ने जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस साल भी 17वां रोजा के मुबारक मौके पर हजरत शहीद पीर दुल्हे शाह बाबा चोटिला का एक दिवसीय मीनी उर्स मुबारक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उर्स के दौरान रात 10 बजे महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें जोधपुर के मशहूर के कव्वाल इरफान तुफैल पार्टी ने मनमोहक कव्वालिया पेशकर समां बांध दिया। हाजी जाबिर हुसैन मारसाहब द्वारा सभी मेहमानों की दस्तारबंदी कर स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा शाम को रोजा इफ्तार व रात्रि में लंगर व सुबह सेहरी का माकूल इंतजाम किया गया। वहीं अन्जुमन शेख व राजा बाबू द्वारा जायरिनों के लिए नि:शुल्क चाय का इंतजाम किया गया। सुबह 3 बजे हाजी जाबिर हुसैन मारसाहब की जानिब दरगाह में चादर पेशकर देश में अमन चैन भाईचारे की दुआएं मांगी गई। इरफान तुफैल पार्टी द्वारा बेहतर रंग पेश किया गया। उसके बाद कुल की रस्म अदा की गई और उर्स समापन की घोषणा की गई। हाजी जाबिर हुसैन मारसाहब द्वारा उर्स में आए जायरिनों व रोजेदारों के लिए रोजा खोलने व सेहरी करने का माकूल इंतजाम किया गया। इस दौरान नूर अली रंगरेज, समाजसेवी गुलाम मोहम्मद, जुबेर खान, अब्दुल सत्तार अब्बासी, एडवोकेट हाजी मोहम्मद तस्लीम अब्बासी, टीटी अब्दुल हम्मीद, पीर गय्यूर बा, मोहम्मद युनूस, तनवीर खान, अब्दुल गफार बबलू भाई, मोहम्मद चाँद, शाहरूख खान, सलीम लाला, राजा बाबू, सज्जू सहित सैकेड़ों जायरिन मौजूद थे।

# झुंझुनूं एकेडमी में नए शैक्षिक सत्र का हुआ शुभारम्भ

**-नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत**




झुंझुनूं(रॉयल पत्रिका)। इंटरनेशनल विज्ड़म सिटी स्थित झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई में गुरुवार को नए शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारम्भ हुआ। स्कूल परम्परानुसार सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों का हर वर्ष की भांति तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी नवागन्तुक विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से पुराने विद्यार्थियों के साथ मिलकर सभी गुरुजनों के चरण-स्पर्श कर गुरु-शिष्य के अटूट रिश्ते का परिचय दिया।

स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि झुंझुनूं एकेडमी विज्ड़म सिटी में प्रतिवर्ष प्रवेशोत्सव पूरी शिद्दत के साथ आयोजित होता है। जिसका उद्देश्य सभी विद्यार्थियों में संस्कार एवं नैतिकता की भावना विकसित करना है। साथ ही आधुनिक तकनीक से सुसज्जित शिक्षा-प्रणाली के साथ-साथ मौलिक संस्कृति एवं संस्कारों के साथ जोड़ना है।

इस अवसर पर विद्यालय में भौतिकता के इस दौर में अध्यात्म जैसा माहौल रहा। नवागन्तुक विद्यार्थियों में इस अनूठी परम्परा को लेकर भावमय आकर्षण दिखाई दिया। सभी आगन्तुक विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गत विद्यालयों में हमें कहीं ऐसी अनूठी परम्परा देखने को नहीं मिली। वास्तव में गुरू-शिष्य के अनूठे संबंध की ऐसी अद्‌त परम्परा अद्वितीय है।

उप-प्राचार्या श्रीमती सरोज सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में शैक्षिक उन्नयन एवं उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं सु-चरित्र निर्माण हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी संदर्भ में हमने आधुनिक शिक्षा-प्रणाली तथा गुरुकुल परम्परा का निर्वहन किया है जो विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज से भी जोड़ती है एवं राष्ट्र निर्माण में भी सहायक है।

इस अवसर पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीरजा मोदी,स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, विज्ड़म सिटी प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या श्रीमती सरोज सिंह हेड-मिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि एवं सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# 30 मार्च को राजस्थान दिवस पर जिले में होंगे भव्य कार्यक्रम



बारां, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप 30 मार्च को राजस्थान स्थापना दिवस और बारां जिला स्थापना दिवस (34वीं वर्षगांठ) को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में गुरुवार को जन सुविधा केंद्र, कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रमों की तैयारियां शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

**विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित**

जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्थान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही उत्सव भी मनाया जाएगा। इसके अलावा, जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले की कला, संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करेंगे। वहीं बैठक में बारां जिला स्थापना दिवस 10 अप्रैल के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। आगामी बैठक में अंतिम रूप से कार्यक्रम तय किए जाएंगे। बैठक में एडीएम दिवांशु शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न




झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को RSETI झुंझुनूं की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी एवं उपाध्यक्ष दिनेश आर्य (क्षेत्रिय प्रबंधंक) बैंक ऑफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे। बैठक में वित्तिय वर्ष 2024-2025 के खर्चों की पुष्टि एवं आगामी वित्तिय वर्ष 2025-2026 के बजट एवं AAP (Annual Action Plan) 2025-2026 का अनुमोदन किया गया। बैठक में नए प्रशिक्षण उपकरणों एवं फर्नीचर आदि की खरीद एवं भवन की मरम्मत एवं रंग-रोगन की स्वीकृति प्रदान की गई। RSETI झुंझुनूं द्वारा प्रशिक्षित स्वयं सहायता समुह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये मोटे अनाज के उत्पादों की सभी समिति सदस्यों ने बहुत प्रशंसा की। मोटे अनाज के उत्पादों के संदर्भ में अपने जिले का नाम विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए समिति सदस्यों ने विभिन्न सुझाव रखे। समिति सदस्यों ने RSETI द्वारा किये जाने वाले कार्यो की प्रशंसा की। अन्य सदस्यों में सज्जन सिहाग (क्षेत्रिय प्रमुख)- ग्रमीण बैंक, राहुल (डी.पी.एम.) राजीवीका, नानूराम (GM-DIC), गोपाल प्रसाद- (LDM), राजेश मीणा (डी.डी. एम-नाबार्ड), मनेव मांझु - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया उपस्थित थे। समिति के संयोजक RSETI निदेशक मनोज शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार वयक्त किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। सहभागी के रूप में प्रदीप कुमार शर्मा (फेक्लटी) एवं कृष्ण कुमार खेदड़ (कार्यालय परिचर) भी शामिल रहे।

## देश के साथ अगले 10 साल में 10 गुना बढ़ेगा व्यापार, पीयूष गोयल ने बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड एक एफटीए पर बात कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार अगले 10 साल में 10 गुना बढ़ सकता है। देखा जाए तो इस समय दुनिया में अमेरिका और बाकी देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव चल रहा है। ऐसे में गोयल ने कहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए होने से कृषि, जरूरी खनिज, दवा और पर्यटन के क्षेत्र में




कारोबार बढ़ सकता है। गोयल ने बिजनेस लीडर्स के एक कार्यक्रम में कहा, भारत और न्यूजीलैंड का प्रस्तावित एफटीए व्यापार को 10 वर्षों में 10 गुना बढ़ा सकता है। इन दिनों न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन भारत की पांच दिन की यात्रा पर आए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश 60 दिनों के अंदर इस व्यापार समझौते पर साइन करने की सोच रहे हैं।

**रुकी हुई बातचीत फिर से शुरू**– भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को फिर से एफटीए पर बात करना शुरू कर दिया है। यह बात पिछले दस सालों से रुकी हुई थी। न्यूजीलैंड के ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मिनिस्टर टॉड मैक्ले और भारत के मंत्री पीयूष गोयल के बीच अच्छी बातचीत हुई। देखा जाए तो यह बातचीत ऐसे समय में शुरू हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कई देशों से आने वाले सामान पर टैक्स बढ़ा दिया है। इसमें भारत भी शामिल है। इसलिए भारत दूसरे देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सोच रहा है।

**यूरोपियन यूनियन के साथ भी समझौता**– भारत ने यूरोपियन यूनियन के साथ भी इस साल के अंत तक एक एफटीए करने का फैसला किया है। इसके अलावा, ब्रिटेन के साथ भी व्यापार समझौता करने की बात चल रही है। इससे भारत के व्यापार के रास्ते और खुलेंगे। न्यूजीलैंड और भारत के रिश्ते और भी मजबूत हो रहे हैं। दोनों देशों ने कई और समझौते किए हैं। इससे अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा।

**क्या होगा फायदा**– न्यूजीलैंड से अच्छी क्वालिटी के फल और डेयरी प्रोडक्ट्स भारत आ सकेंगे। इससे भारतीय उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

## आईसीआईसीआई बैंक ने छिंदवाड़ा में एक नई शाखा का उद्घाटन किया


**छिंदवाड़ा।** आईसीआईसीआई बैंक ने छिंदवाड़ा-नागपुर रोड, बोडरी पुल के पास एक नई शाखा स्थापित की है। यह शाखा बैंक की शहर में तीसरी और जिले में 17वीं शाखा है। शाखा में एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। इस शाखा का उद्घाटन श्री सुधीर जैन, सब डिवीजन मजिस्ट्रेट, और श्री चंद्र प्रकाश राय, आयुक्त, नगर निगम, छिंदवाड़ा ने किया। यह शाखा बचत और चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और ऋण जैसे व्यवसायिक ऋण, स्वर्ण ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और शिक्षा ऋणसहित संपूर्ण खातों और जमा योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। इसके साथ ही रेमिटेन्स और कार्ड सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध है। शाखा परिसर में लॉकर सुविधा भी प्रदान की गई है। शाखा का संचालन सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे और पाँचवे शनिवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जाता है। शाखा में टैब बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें ग्राहक के स्थान पर बैंक कर्मचारी द्वारा टैबलेट डिवाइस के माध्यम से लगभग 100 सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं में खाता खोलना, फिक्स्ड डिपॉजिट जमा करना, चेक बुक अनुरोध करना, ई-स्टेटमेंट उत्पन्न करना और पते में परिवर्तन जैसी सेवाएँ शामिल हैं।

### बेंगलुरु में नौकरी संकट

# 2024 में 50,000 से ज्यादा आईटी कर्मचारियों की छंटनी

### रियल एस्टेट पर भारी असर

**बेंगलुरु एजेंसी।** बेंगलुरु, जिसे भारत का टेक हब कहा जाता है, अब तक आईटी प्रोफेशनल्स के लिए सबसे पसंदीदा स्थान रहा है। हजारों कर्मचारी यहां पेइंग गेस्ट आवासों और बजट रेंटल अपार्टमेंट्स में रहते हैं लेकिन अब बड़े पैमाने पर छंटनियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व ऑटोमेशन के बढ़ते प्रभाव के चलते शहर अपने सबसे गंभीर नौकरी संकट का सामना कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह संकट न केवल टेक कर्मचारियों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि बेंगलुरु के हाउसिंग मार्केट, रियल एस्टेट निवेश और स्थानीय व्यवसायों को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु में 2024 में 50,000 से अधिक लोगों की नौकरी गई है, जिससे रेंटल और रियल एस्टेट बाजार मंदी की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले हफ्तों और महीनों में आईटी सेक्टर में और छंटनी हो सकती है। खासतौर पर कम वेतन वाले कर्मचारियों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। ऐसे कर्मचारी आमतौर पर सस्ते पीजी और बजट रेंटल अपार्टमेंट्स में रहते हैं और कंपनियों द्वारा खर्च कम करने के लिए इन्हें सबसे पहले नौकरी से निकाला जाता है।





### रियल एस्टेट बाजार पर संकट

आईटी कर्मचारियों की छंटनी का सीधा असर पीजी और किराये के मकानों की मांग पर पड़ा है। कई पीजी मालिकों और किराये पर संपत्ति देने वाले निवेशकों को अब ऑक्यूपेंसी घटने और रेंटल इनकम कम होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बाहरी रिंग रोड क्षेत्र, जहां टेक पार्क और कॉर्पोरेट ऑफिस बड़ी संख्या में हैं, सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। कई निवेशकों ने करोड़ों रुपए लगाकर प्रॉपर्टी खरीदी थी, यह सोचकर कि यहां आईटी प्रोफेशनल्स की लगातार मांग बनी रहेगी लेकिन नौकरियों में कटौती और कर्मचारियों के शहर छोड़ने से मकान खाली हो रहे हैं और संपत्तियों की कीमतें गिर रही हैं।

# अमेरिकी मॉडल की तरह पीएम मोदी ने भारत में बचाए 5 लाख करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद भारत में भ्रष्टाचार और फर्जी लाभार्थियों की पहचान करने और उन्हें सिस्टम से बाहर करने के लिए कई बड़े कदम उठाए। अब तक लगभग 5 लाख करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है जो विभिन्न सरकारी योजनाओं के फर्जी और गैर-मौजूद लाभार्थियों को हटाकर हासिल की गई है। यह जानकारी सरकारी अधिकारियों ने दी। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में लेक्स फ्रिडमैन के साथ अपने पॉडकास्ट में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सत्ता में आने के बाद उन्हें कई सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थियों की मौजूदगी का पता चला। मोदी ने कहा, मैंने देखा कि कई सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऐसे लोगों द्वारा लिया जा रहा था जो असल में अस्तित्व में ही नहीं थे। मोदी ने बताया कि उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ऐसी योजना पर काम करना शुरू किया जिससे बिना किसी बिचौलिए के और पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे असली लाभार्थियों तक पहुंचे। इसी प्रक्रिया को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के नाम से जाना जाता है। इससे सरकार ने अब तक लाखों करोड़ रुपये की बचत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि जब उन्होंने 2014 में पदभार संभाला तो उन्होंने देखा कि भारत में कई फर्जी नामों पर पेंशन और अन्य लाभ दिए जा रहे थे। मोदी ने कहा, कुछ नाम तो ऐसे थे जिन्हें मैंने सिस्टम से हटा दिया और उन



नामों के तहत एक करोड़ लोग थे जिनके बारे में हमने पता लगाया कि वे फर्जी थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की शुरुआत की जिससे सरकारी धन सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा और बिचौलियों को हटा दिया गया। इसके परिणामस्वरूप भारत ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की बचत की है जो अन्यथा गलत हाथों में चला जाता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप जैसे विश्व नेता भी इस प्रक्रिया की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा, इससे मुझे भी खुशी होती है क्योंकि हम अपने देश को भ्रष्टाचार और झूठी प्रथाओं से मुक्त कर रहे हैं और मैं इसे खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रहा हूं।

## बढ़ जाएंगे आपकी फेवरेट कार के दाम, कंपनियों ने किया कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो जल्दी करें, क्योंकि 1 अप्रैल 2025 से कारों के दाम बढ़ने वाले हैं। मारुति सुजुकी ने अपनी कारों की कीमत में 4 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की है, जो अगले महीने से लागू होगी। टाटा मोटर्स ने भी अपने कमर्शियल वाहनों की कीमत में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। अब किआ मोटर्स ने भी 1 अप्रैल से अपनी कारों की कीमत बढ़ाने का फैसला लिया है। नई कीमतों के लागू होने से पहले अगर आप गाड़ी खरीदना चाहते हैं, तो यह सही समय हो सकता है।

### क्यों बढ़ रही हैं किआ की कीमतें

किआ की सभी कारों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने जा रही है। कंपनी ने इस बढ़ोतरी का कारण उत्पादन लागत और सप्लाई चेन में आई चुनौतियों को बताया है। किआ इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हरदीप सिंह बरार ने कहा, हम ग्राहकों को किफायती कीमत पर बेहतरीन क्वालिटी वाली गाड़ियां देने की कोशिश करते हैं लेकिन हाल के दिनों में कच्चे माल की लागत बढ़ने से कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया है। अगर आप नई किआ कार खरीदने का सोच रहे हैं, तो 31 मार्च 2025 से पहले बुकिंग करना फायदेमंद हो सकता है ताकि आप बढ़ी हुई कीमतों से बच सकें।

# एचडीएफसी बैंक में भारत सरकार की वरिष्ठ नागरिक बचत योजना भी उपलब्ध

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज घोषणा की कि वह अब वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) के तहत जमा स्वीकार करेगा, जो बुजुर्गों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित एक बचत साधन है। एचडीएफसी बैंक भारत सरकार के लिए एक एजेंसी बैंक के रूप में कार्य करेगा और ग्राहकों को निर्बाध सेवा प्रदान करते हुए योजना जमा को स्रोत करने में मदद करेगा। सभी पात्र ग्राहक बैंक की किसी भी शाखा में जाकर एससीएसएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के लिए पात्र ग्राहकों में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति और 55 वर्ष या उससे अधिक आयु के सेवानिवृत्त व्यक्ति शामिल हैं। इसके अलावा रक्षा सेवाओं के सेवानिवृत्त कर्मी भी 50 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर इस योजना के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। एससीएसएस में निवेश आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत लाभ के लिए पात्र है। यह योजना पांच साल की लॉक-इन अवधि के साथ तिमाही ब्याज भुगतान प्रदान करती है। इसे तीन साल के लिए कई बार बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा एससीएसएस के तहत दी जाने वाली ब्याज दर को सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाता है। एचडीएफसी बैंक के कंट्री हेड-पेमेंट्स, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, कंज्यूमर फाइनेंस एंड मार्केटिंग श्री पराग राव ने कहा, ÷एक प्रमुख एजेंसी बैंक के रूप में हम भारत सरकार के प्रमुख राष्ट्रीय लघु बचत योजना कार्यक्रम के तहत एक और योजना पेश करते हुए प्रसन्न हैं। एससीएसएस देश के बुजुर्ग नागरिकों को योजना के तहत दी जाने वाली आकर्षक ब्याज दर के आधार पर एक स्थिर आय स्ट्रीम विकसित करने में मदद करता है। आयकर गणना के लिए धारा 80 सी के नियमों अनुसार छूट के पात्र होना इस योजना का एक अतिरिक्त लाभ है।÷ एससीएसएस बैंक की मौजूदा सरकार समर्थित पेशकशों जैसे पब्लिक प्रोविडेंट फंड और सुकन्या समृद्धि खाता योजना का पूरक है। प्रेस सूचना ब्यूरो और भारत सरकार के लेखा महानियंत्रक द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 24 में, एचडीएफसी बैंक द्वारा देश भर में कर संग्रह 10 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया, जिससे यह सरकार के लिए शीर्ष तीन एजेंसी बैंकों में शुमार हो गया।

# 8 के शेयर ने कर दिया हैरान, 1 लाख के निवेश को बना दिया 1.72 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार ने कई मल्टीबैगर स्टॉक दिए हैं, जिनकी वजह से निवेशकों की संपत्ति पिछले कुछ सालों में कई गुना बढ़ गई है। ऐसा ही एक मल्टीबैगर पेनी स्टॉक है- एसोसिएटेड अल्कोहल एंड ब्रेवरीज का शेयर। एसोसिएटेड अल्कोहल एंड ब्रेवरीज के शेयर की कीमत 2014 में 8 प्रति शेयर थी। अब वर्तमान में यह बीएसइ पर 1,380 पर कारोबार कर रहा है। इसका मतलब है कि पिछले 10 सालों में स्टॉक में 1,625 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अगर किसी निवेशक ने 10 साल पहले इस स्टॉक में 1 लाख लगाए होते और समय के साथ बनाए रखने पर यह आज बढ़कर 1.72 करोड़ हो गया होता।



**कंपनी के शेयरों के हाल**– बता दें कि मंगलवार को बाजार में तेजी के बावजूद एसोसिएटेड अल्कोहल्स एंड ब्रूअरीज के शेयर में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सुबह 9:20 बजे, शेयर ने बीएसई पर 1,430.75 के इंट्राडे हाई को छुआ था। पिछले पांच सालों में शेयर में 814.45 प्रतिशत की उछाल के साथ लंबी अवधि के निवेशकों की संपत्ति में कई गुना बढ़ोतरी देखी गई। पिछले एक साल में ही शेयरों में 190.59 प्रतिशत की उछाल आई है। बता दें कि बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद शेयर ने शानदार रिटर्न दिया है। एसोसिएटेड अल्कोहल्स एंड ब्रूअरीज के शेयर पिछले छह महीनों में 40 प्रतिशत से अधिक और एक महीने में लगभग 35 प्रतिशत चढ़ा है। साल-दर-साल आधार पर, शेयर में 24.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 1,120 से बढ़कर वर्तमान बाजार मूल्य पर पहुंच गया है।

**दिसंबर तिमाही के नतीजे**– एसोसिएटेड अल्कोहल्स एंड ब्रूअरीज लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के लिए 327.02 करोड़ की शुद्ध बिक्री की सूचना दी, जो एक साल पहले इसी अवधि में 190.91 करोड़ से 71.29 प्रतिशत अधिक है।

### अमेजन फैशन के नेक्स्ट जेन स्टोर से जेन जेड शॉपर्स में 3 गुना बढ़ोतरी हुई

# टियर-टू शहरों से 4 गुना उछाल देखने को मिला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेजन फैशन ने एक बड़े ग्रोथ पैटर्न की जानकारी देते हुए, नेक्स्ट जेन स्टोर की भारत में फैशन से जुड़ी खपत में तेज बढ़ोतरी प्रदर्शित करने वाली एक बड़ी उपलब्धि का खुलासा किया है। 2023 में जेन जेड के लिए भारत के पहले समर्पित डिजिटल फैशन हब के रूप में लॉन्च किए गए, अनूठे स्टोर से जेन जेड ग्राहकों में 3 गुनी और टियर-टू शहरों से 4 गुनी से ज्यादा की दमदार बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिससे भारत में सभी के लिए नए-नए ट्रेंड्स उपलब्ध होने का पता चलता है। नेक्स्ट जेन स्टोर ने वैश्विक रुझानों को स्थानीय विशेषताओं के साथ जोड़ने के अपने रणनीतिक दृष्टिकोण के माध्यम से बाजार में युवाओं पर केंद्रित फैशन से जुड़ी कमियों को सफलतापूर्वक दूर कर दिया है। 2 मिलियन से अधिक उत्पादों के साथ 340 से ज्यादा घरेलू और वैश्विक ब्रांडों के बड़े पोर्टफोलियो की खासियत वाले, ऑनलाइन स्टोर ने खुद को ऐसे डिजिटली कुशल फैशन उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक स्थान के रूप में स्थापित किया है, जो पहुंच और अभिव्यक्ति दोनों की तलाश कर रहे हैं। इस गति को बनाए रखने के लिए, अमेजन फैशन 20-24 मार्च तक बहुप्रतीक्षित नेक्स्ट जेन ऑनलाइन शॉपिंग इवेंट की मेजबानी करेगा, जिसमें युवाओं की खूबसूरती को परिभाषित करने वाले विशेष रूप से तैयार कलेक्शन पर 60त्न तक की छूट दी जाएगी। इस इवेंट में जेन जेड को ध्यान में रखते हुए, फिर से तैयार किए गए फैशन स्टेपल - बड़े साइज के सिल्हूट से लेकर स्कल्पटिंग फिट, मोनोक्रोम पैलेट से लेकर नियॉन एक्सेंट तक वाई2के बैडी, 90 के दशक के ग्रंज, स्ट्रीट स्टार और सॉफ्ट बॉय सहित अपने समय की स्टाइल को प्रदर्शित किया जाएगा।

अमेजन फैशन एंड ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा, ÷हमारे नेक्स्ट जेन स्टोर की शानदार ग्रोथ से भारत के फैशन इकोसिस्टम में एक बुनियादी बदलाव जाहिर होता है।÷ उन्होंने कहा, ÷हम इसके जरिये फैशन के एक नए दौर का उदय देख रहे हैं जहां भारत के अलग-अलग इलाकों के जेन जेड उपभोक्ता अनोखे स्टाइल के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को अपना रहे हैं। चंडीगढ़, जयपुर, सूरत और अन्य जैसे टियर-टू शहरों में नेक्स्ट जेन स्टोर की सफलता से यह पता चलता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म फैशन की पहुंच को नया रूप दे रहे हैं, जिससे ट्रेंड समय से पहले महानगरीय सीमाओं से परे पहुंच सकते हैं।÷

# श्रीलंका का भला करने के चक्कर में अपना नुकसान करा बैठा चीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के बाहरी कर्ज को फिर से व्यवस्थित करने की वजह से चीन को 7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। मंगलवार को यह जानकारी सामने आई। चीन के सरकारी अखबार डेली न्यूज ने कोलंबो में चीन के राजदूत क्यूई झेनहोंग के हवाले से यह जानकारी दी गई है। राजदूत ने बताया कि चीन, श्रीलंका के साथ अक्टूबर 2023 में कर्ज पुनर्गठन समझौता करने वाला पहला देश था। क्यूई झेनहोंग ने कहा कि ज्यादातर लोगों को इस बारे में पता नहीं है। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि हम श्रीलंका को अपनी सहायता के बारे में दुनिया को बहुत ज्यादा नहीं बताते हैं। इसका मतलब है कि चीन ने श्रीलंका की मदद चुपचाप की है, इसलिए लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। हमारे पास मेट्रो और रैपिड मेट्रो का बड़ा नेटवर्क, बुलेट ट्रेन और हाइपरलूप ट्रेन की तैयारी, पाकिस्तान में मेट्रो का सिर्फ एक ही रूट

### 7 अरब डॉलर की लग गई चपत, भारत से मांगा साथ




**श्रीलंका पर था आर्थिक संकट**– श्रीलंका ने 2022 में आर्थिक संकट के दौरान पहली बार अपना कर्ज चुकाने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद उसने 46 अरब डॉलर के बाहरी कर्ज को फिर से व्यवस्थित किया। आसान भाषा में कहें तो श्रीलंका के ऊपर दूसरे देशों और संस्थाओं का जो कर्ज था। उसे चुकाने में दिक्कत आ रही थी। इसलिए उसने कर्ज को चुकाने की शर्तों को बदलने के लिए बातचीत की। इसे ही कर्ज का पुनर्गठन कहते हैं।

**भारत का मांगा साथ**– राजदूत क्यूई झेनहोंग ने यह भी कहा कि चीन और भारत मिलकर श्रीलंका के उत्तरी प्रांत को विकसित कर सकते हैं।



# खेसारी लाल-रति पांडेय स्टारर 'रिश्ते' की धूम

होली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और अभिनेत्री रति पांडेय की फिल्म 'रिश्ते' को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। एसआरके म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बनी इस फिल्म में खेसारी समेत अन्य कलाकारों की दर्शक खूब तारीफ कर रहे हैं। फिल्म निर्माता शर्मिला आर. सिंह और रोशन सिंह ने बताया, 'रिश्ते' को बड़े स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है, जिससे भोजपुरी के साथ-साथ हिंदी भाषी दर्शक भी इस फिल्म का आनंद उठा रहे हैं। फिल्म को लेकर सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने कहा 'रिश्ते' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा है। यह फिल्म हर परिवार को जोड़ने का काम करेगी और दर्शकों के दिलों को छू लेगी। होली के शुभ अवसर पर इसे दर्शकों को समर्पित कर बहुत खुशी महसूस हो रही है। टेलीविजन से बड़े पर्दे तक का सफर तय करने वाली रति पांडेय ने कहा, रिश्ते मेरी दूसरी भोजपुरी फिल्म है और इसमें काम करने का मेरा अनुभव शानदार रहा। इस फिल्म की कहानी और किरदार इतने दमदार हैं कि दर्शकों को इसमें अपना ही अक्स दिखाई देगा। निर्माता रोशन सिंह ने बताया, 'रिश्ते' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक सोशल मैसेज है। हम चाहते हैं कि दर्शक इस फिल्म को अपने परिवार के साथ देखें और इसके भावनात्मक पहलू को महसूस करें। इस फिल्म का हर सीन रिश्तों की अहमियत को दिखाता है। फिल्म में खेसारी लाल यादव और रति पांडेय के अलावा आकांक्षा पुरी, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, सुजान सिंह, संजीव मिश्रा, युगांत पाण्डेय, माया यादव, निशा झा, रंभा साहनी, जया पाण्डेय, प्रियांशु सिंह, विजया लक्ष्मी सिंह, दिलीप यादव और सोनू पाण्डेय समेत कई दमदार कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। प्रेमांशु सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म रिश्ते का संगीत भोजपुरी इंडस्ट्री के टॉप संगीतकारों ने तैयार किया है, जिनमें ओम झा, छोटे बाबा और कृष्णा बेदर्दी का नाम शामिल है, जबकि कैमरा डायरेक्टर (डीओपी) बासु हैं। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। उन्होंने कहा, दर्शकों को 'रिश्ते' इसलिए देखना चाहिए कि इसमें भोजपुरी और हिंदी दर्शकों के लिए बेहतरीन कंटेंट के साथ मजबूत स्टारकास्ट और शानदार संगीत है, इसलिए आप सभी अपने परिवार के साथ जाकर फिल्म देखें और इसका आनंद लें।

# सनी ने थामा भोजपुरी सिंगर का हाथ



**सनी लियोनी की जोड़ी भोजपुरी सुपरस्टार के साथ जमी है। वह एक्टर खेसारी लाल यादव या पवन सिंह नहीं हैं। जानते हैं कौन है फिर? सनी लियोनी की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है।**

बॉलीवुड के कई स्टार्स के साथ वह काम कर चुकी हैं। मगर, इस बार उन्होंने बॉलीवुड एक्टर का हाथ थामा है। और वह एक्टर पवन सिंह या खेसारी लाल यादव नहीं हैं। वह एक्टर है नीलकमल सिंह। जी हां, सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना लड़की दीवानी आज मंगलवार को रिलीज हुआ है।

### यूट्यूब पर ट्रेंड हुआ गाना

सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। और यह जबर्दस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। इसे कुछ ही घंटों में करीब पांच लाख व्यूज मिल गए हैं। इस गाने को नीलकमल सिंह ने गाया है। इसके लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं।

### नीलकमल ने सनी को सिखाई भोजपुरी

गाने में सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है।

# अयान मुखर्जी ने प्रार्थना सभा में पैपराजी से प्राइवेसी का किया अनुरोध, कहा- ये दुर्गा पूजा नहीं



फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी ने अपने पिता दिग्गज अभिनेता देब मुखर्जी के निधन पर मंगलवार को एक प्रार्थना सभा रखी। इस दौरान वह पैपराजी से प्राइवेसी बनाए रखने का अनुरोध करते हुए नजर आए। फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी के पिता दिग्गज अभिनेता देब मुखर्जी का 14 मार्च को मुंबई में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके निधन से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दिवंगत अभिनेता के अंतिम संस्कार में कई दिग्गज शामिल हुए। मंगलवार को अयान मुखर्जी ने मुंबई के अंधेरी स्थित फिल्मालय स्टूडियो में अपने दिवंगत पिता के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की। फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी प्रार्थना सभा के दौरान दुखी नजर आए। वह इस कठिन समय में पैपराजी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हुए देखे गए, उन्हें यह याद दिलाते हुए कि यह एक निजी कार्यक्रम है, दुर्गा पूजा नहीं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में अयान को यह कहते हुए सुना गया, अंदर बहुत कमर्शियल होगा, लेकिन यह एक प्रार्थना सभा है। अगर आपको लग रहा है कि अच्छे शॉट्स नहीं मिल रहे हैं, तो आई एम सॉरी, हमारे लिए आज ऐसा ही ठीक है।

### बाबिल खान ने बताया, वह

# जसलीन रॉयल संग क्यों करना चाहते थे काम

अभिनेता बाबिल खान ने बताया कि वह गायिका जसलीन रॉयल के म्यूजिक वीडियो 'दस्तूर' में काम करना चाहते थे। बाबिल ने इसके पीछे कि वजह भी बताई और रॉयल के आवाज की खूब तारीफ भी की। दिवंगत स्टार इरफान खान के बेटे बाबिल ने इंस्टाग्राम पर



'दस्तूर' म्यूजिक वीडियो के कुछ पलों की तस्वीरें शेयर कीं। बाबिल ने बताया कि रॉयल के साथ म्यूजिक वीडियो मिलने पर हर कोई खुश था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब जसलीन मेरे साथ म्यूजिक वीडियो करना चाहती थीं, तो हर कोई बहुत खुश था। हालांकि, वह एक स्टार हैं और मैं अभी सफर पर हूं। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें तब से जानता हूं जब वह यूट्यूब पर वीडियो बनाती थीं। मुझे उनकी आवाज पसंद है। उनके गाने सुनकर अच्छा लगता है और परेशानियां भी हल्की होती दिखती हैं। मैंने म्यूजिक वीडियो में उनके साथ काम इसलिए किया, क्योंकि जसलीन के पास ऐसी आवाज है, जो बहुत खास है। बाबिल की पोस्ट पर कमेंट करते हुए जसलीन रॉयल ने लिखा, इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए शुक्रिया सुपरस्टार। यह हमेशा खास रहेगा। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद बाबिल ने बॉलीवुड फिल्म 'करीब करीब सिंगल' में कैमरा असिस्टेंट के तौर पर शुरुआत की थी। साल 2022 में उन्होंने तृप्ति डिमरी के साथ अन्विता दत्त की साइको-ड्रामा 'काला' से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 'फ्राइडे नाइट प्लान' में नजर आए, जिसमें उनके साथ जूही चावला हैं। इसके बाद अभिनेता भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित सीरीज 'द रेलवे मेन' में नजर आए। सीरीज में बाबिल के साथ दिव्येंदु शर्मा, केके मेनन और आर. माधवन भी हैं।

# शानदार है बदनाम का गाना इंजेक्शन , सुनकर नाचने पर हो जाएंगे मजबूर: निक्की तंबोली

बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी और अभिनेत्री निक्की तंबोली हालिया रिलीज फिल्म 'बदनाम' के इंजेक्शन लगा दो गाने के साथ पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने गाने की खूब तारीफ की और बताया कि यह एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर लोग नाचने पर मजबूर हो जाएंगे। प्रोजेक्ट को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए निक्की ने कहा, मैं पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू करने और 'बदनाम' का हिस्सा बनने को लेकर बेहद रोमांचित हूं!



उन्होंने कहा, 'इंजेक्शन लगा दो मुझे' एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर आप नाचने को मजबूर हो जाएंगे और मैं ऐसी शानदार टीम के साथ काम करने के अवसर के लिए बेहद आभारी हूं। 'इंजेक्शन लगा दो मुझे' गाने को सुनिधि चौहान ने गाया है। रोमांटिक ड्रामा बदनाम फरवरी में रिलीज हुई थी, जिसमें अभिनेता जय रंधावा, जैस्मिन भसीन और मुकेश ऋषि मुख्य भूमिकाओं में हैं। निक्की तंबोली के करियर की बात करें तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर शुरुआत की थी। साल 2019 में रिलीज हुई तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'चिकाती गडिलो चिताकोटुडु' से अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद वह तमिल एक्शन-हॉरर फिल्म 'कंचना 3' में नजर आईं, जिसमें उनके किरदार का नाम दिव्या है। उनकी तीसरी फिल्म तेलुगू में 'थिप्पारा मीसम' थी। निक्की ने 2020 में सलमान खान के हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भी भाग लिया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बाद वह साल 2021 में रोहित शेट्टी के स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी के 11वें सीजन में दिखाई दीं, जिसे दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में फिल्माया गया था। शो में तंबोली 10वें स्थान पर रहीं। रियलिटी शो के अलावा वह कई म्यूजिक वीडियो में भी काम कर चुकी हैं। निक्की साल 2022 में गेम शो द खतरा-खतरा में देखी गईं, जिसे कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था। निक्की, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' के 'कॉकटेल' गाने में भी काम कर चुकी हैं।

# हमारी प्रार्थनाएं कुबूल हुई...

### एक्टर आर. माधवन ने जताई किस बात की खुशी



अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर सुरक्षित वापसी का जश्न दुनियाभर में मनाया जा रहा है। अभिनेता आर. माधवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर लगभग नौ महीने अंतरिक्ष में बिताने के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए हैं। पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे इन अंतरिक्ष यात्रियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आखिरकार उनका स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक फ्लोरिडा के समुद्री तट पर उतर गया। सुनीता विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी पर अभिनेता आर. माधवन ने खुशी जताते हुए पोस्ट शेयर किया है।

### आर. माधवन ने किया सुनीता विलियम्स का स्वागत

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का स्पेसक्राफ्ट सुरक्षित तरीके से धरती पर उतर चुका है। भारतीय समयानुसार, लैंडिंग बुधवार तड़के हुई। इस खबर पर दुनियाभर में खुशी मनाई जा रही है। भारत की बेटी सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी पर अभिनेता आर. माधवन ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि आखिर दुआएं कुबूल हुईं।

# द कश्मीर फाइल्स के लिए नेटिजन ने विवेक अग्निहोत्री को कहा शुक्रिया

विवेक अग्निहोत्री ने साल 2022 में फिल्म द कश्मीर फाइल्स बनाई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। एक सोशल मीडिया यूजर ने ऐसी फिल्म बनाने के लिए निर्देशक को शुक्रिया अदा किया है।



इन दिनों विक्की कौशल की फिल्म छावा चर्चा में है। बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के बीच इस फिल्म पर जमकर विवाद भी हो रहे हैं। छावा की रिलीज के बाद कथित तौर पर औरंगजेब की कब्र हटाए जाने की मांग होने लगी हैं। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए हैं। इस सबके बीच फिल्म छावा का जिक्र करते हुए एक सोशल मीडिया यूजर ने विवेक अग्निहोत्री को शुक्रिया कहा है।

एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर जे नाम के एक यूजर ने पोस्ट शेयर किया है। इसमें विवेक अग्निहोत्री को टैग करते हुए लिखा है, आपको द कश्मीर फाइल्स जैसी मूवी बनाने के लिए शुक्रिया, नहीं तो हम सामान्य भारतीय तथ्यों से अनजान रहते। यूजर ने हैशटैग के साथ कश्मीरी पंडित, हिंदू लिखा है। साथ ही विक्की कौशल की फिल्म छावा का नाम भी हैशटैग के साथ लिखा है।

साभार एजेंसी

# बदली आवाज, बढ़ाया वजन, जाट में 'रणतुंगा' के लिए रणदीप हुड्डा ने किया बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन



सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर अपकमिंग फिल्म 'जाट' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में हुड्डा के किरदार का नाम 'रणतुंगा है, जो खतरनाक खलनायक है। किरदार के लिए हुड्डा ने वजन बढ़ाने के साथ ही अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव पर भी कमाल का काम किया है। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, खलनायक हो या हीरो का किरदार, रणदीप उसमें डूब जाते हैं और जीवंत करने के लिए खूब मेहनत करते हैं। 'जाट' भी इससे अलग नहीं है और अपने खलनायक किरदार रणतुंगा को मजबूत करने के लिए वह पहले दिन से ही जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया, रणदीप हुड्डा ने अपने किरदार के लिए बाल बढ़ाए और अपनी बॉडी पर काम किया ताकि उनका किरदार अधिक खतरनाक दिख सके। यह पहली बार नहीं है जब रणदीप ने ट्रांसफॉर्मेशन किया है। इससे पहले अभिनेता साल 2016 में आई फिल्म 'सरबजीत' और 2024 में रिलीज फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' की भूमिका निभाने के लिए भी परिवर्तन किए थे। सूत्र ने बताया, चाहे वह 'सरबजीत' हो, 'स्वतंत्र वीर सावरकर' हो या 'जाट', रणदीप कभी भी किरदार में जान डालने से पीछे नहीं हटते। फैंस उनके इस अंदाज को पसंद भी करते हैं। रणतुंगा के रूप में भी इस बार प्रशंसकों को कुछ नया और बेहतरीन मिलेगा। रणतुंगा को लेकर रणदीप ने बताया था कि उन्होंने इससे पहले भी नेगेटिव रोल किए हैं, लेकिन रणतुंगा का किरदार बहुत खतरनाक है। रणदीप ने कहा, रणतुंगा मेरी किसी भी नकारात्मक भूमिका से ज्यादा खतरनाक है। वह हिंसक, विक्षिप्त और चीजों को लेकर बहुत क्रूर है। 'जाट' का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है। इसमें रणदीप हुड्डा, सनी देओल के साथ विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने फिल्म का निर्माण किया है, जो सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

# सूर्यकुमार IPL 2025 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में ओवर-रेट अपराध के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर एक मैच का निलंबन आईपीएल 2025 संस्करण में भी जारी रहेगा, जिससे ऑलराउंडर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इस प्रकार सूर्यकुमार यादव कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे जिसकी पुष्टि हार्दिक ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की, जहां उनके साथ टीम के कोच महेला जयवर्धने भी मौजूद थे।

अपने निलंबन पर एक सवाल का जवाब देते हुए हार्दिक ने कहा, सूर्यकुमार यादव भारत की भी कप्तानी करेंगे। वह पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे साथ तीन कप्तान खेल रहे हैं - रोहित (शर्मा), सूर्य और (जसप्रीत) बुमराह। वे हमेशा मेरे कंधे पर हाथ रखते हैं और जब भी मुझे किसी मदद की जरूरत होती है, तो वे हमेशा मौजूद रहते हैं। यह अभी भी तय नहीं है कि बुमराह अपनी पीठ की चोट से कब तक फिट होकर एमएम टीम में शामिल होंगे। फिलहाल, वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं, जिसकी पुष्टि जयवर्धने ने की है। कोच ने कहा, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि एनसीए की उनके (बुमराह) बारे में क्या प्रतिक्रिया है। वह अभी भी वहां हैं और अच्छे मूड में हैं, उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम में शामिल हो जाएंगे। उनका न होना एक चुनौती है...यह किसी और के लिए आगे आकर यह दिखाने का अवसर भी है कि वे क्या करने में सक्षम हैं।

हार्दिक से जब पूछा गया कि क्या नियम में बदलाव होना चाहिए और पिछले सीजन के अपराध का अगले सीज़न पर असर नहीं पड़ना चाहिए? उन्होंने कहा, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है। पिछले साल जो हुआ वह खेल का हिस्सा था; हम आखिरी ओवर में डेढ़ या दो मिनट पीछे थे।

मुझे उस समय इसके परिणाम नहीं पता थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन नियम यही कहते हैं। इसलिए मुझे नियमों के अनुसार चलना होगा। अगले साल (चाहे) वे इस नियम को जारी रखेंगे या नहीं, यह उच्च अधिकारियों पर निर्भर है।



# एमएस धोनी ने सीएसके के ट्रेनिंग कैंप में ही दिखाया हिटर वाला अंदाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च से शुरू होगी। सभी टीमें तैयारी में जुटी हुई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने बहुत पहले ही चेन्नई में अपने कैंप की शुरुआत कर दी थी। टीम के अन्य खिलाड़ियों के साथ-साथ पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने भी इस सीजन की तैयारी शुरू कर दी है।

धोनी ने ट्रेनिंग सेशन में ही अपने फॉर्म की झलक दिखा दी है। धोनी कुछ दिन पहले तक मसूरी में थे। वह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन साक्षी की शादी में शिरकत करने पहुंचे थे। शादी से लौटते ही वह चेन्नई सुपर किंग्स के कैंप में जुड़े और उन्होंने अभ्यास शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर धोनी का वीडियो वायरल हुआ जिसमें अपने चिर परिचित अंदाज में दिखाई दिए।

### ट्रेनिंग कैंप में लगाया हेलीकॉप्टर शॉट

चेन्नई के एमएस चिदंबरम स्टेडियम में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना धोनी को गेंदबाजी करा रहे थे। उन्होंने यॉर्कर गेंद डाली और धोनी ने हेलीकॉप्टर शॉट खेला और छक्का जमाया। गेंद बाउंड्री पार गई। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस को अपने थाला का विंटेज अंदाज काफी पसंद आ रहा है। एमएस धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले वालों क्रिकेटर्स में शामिल हैं। धोनी पूरे साल में केवल एक ही बार मैदान पर नजर आते हैं। वह केवल आईपीएल ही खेलते हैं।

इसके बावजूद उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। वह चाहे चेन्नई में खेले हैं या फिर किसी और मैदान पर हर जगह केवल उनकी ही चर्चा होती है।

# हम इस आईपीएल सीजन में 300 रन का आंकड़ा पार करते देख सकते हैं : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज एबी डिविलियर्स ने आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच से पहले कहा कि इस बार आईपीएल में 300 रन का आंकड़ा पार होता दिखाई दे सकता है। जियो हॉटस्टार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि फाफ डू प्लेसिस और विराट कोहली, एबी डिविलियर्स जैसे बड़े खिलाड़ियों के बाद कप्तान के रूप में कदम रखना उनकी सबसे बड़ी चुनौती होगी।

पिछले महीने पाटीदार को आरसीबी का नया कप्तान घोषित किया गया था। वह पहली बार आईपीएल टीम का नेतृत्व करेंगे। पाटीदार को सभी प्रारूपों में मध्य प्रदेश टीम के सदस्य के रूप में कप्तानी का अनुभव है। उन्होंने पिछले साल मध्य प्रदेश को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया था। एबी डिविलियर्स ने कहा, मुझे लगता है कि उनकी सबसे बड़ी चुनौती असुरक्षा होगी - फाफ (डु प्लेसिस) और विराट (कोहली) जैसे पिछले कप्तानों की जगह लेना। विराट के आस-पास होने और खुद पर लगातार संदेह करना, क्या मैं सही



काम कर रहा हूं? विराट क्या करेंगे? - मुझे लगता है कि यही उनकी सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने यह भी चर्चा की कि पाटीदार इस चुनौती से कैसे पार पा सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें हमेशा अपने खेल पर भरोसा रखना चाहिए और याद रखना चाहिए कि उन्हें कप्तानी के लिए क्यों चुना गया था। उन्हें अपनी शैली में टीम का नेतृत्व करना चाहिए और कोहली और डु प्लेसिस की तरह कप्तानी करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने विराट कोहली के अनुभव का भी उल्लेख किया और कहा कि पाटीदार को इसका सर्वोत्तम संभव तरीके से उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, इससे पार पाने का तरीका यह है कि आप खुद को लगातार याद दिलाते रहें, मैं इस स्थिति में क्यों हूं? उन्होंने मुझे क्यों चुना?

इसके पीछे कोई अच्छा कारण होना चाहिए। अब समय आ गया है कि मैं इस पर भरोसा करूं और जो मैं हूं, उसके प्रति सच्चा रहूं- विराट या फाफ की तरह कप्तानी करने की कोशिश न करूं, बल्कि अपने तरीके से नेतृत्व करूं। उन्हें विराट, एंडी फ्लावर और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों के अनुभव का उपयोग करना चाहिए, लेकिन हमेशा खुद के प्रति सच्चे रहना चाहिए। मेरे हिसाब से पाटीदार के लिए यही सबसे अच्छी सलाह होगी। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर रूल और हाई-स्कोरिंग मैचों पर एबी डिविलियर्स ने इम्पैक्ट प्लेयर रूल और खेल पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। इस नए नियम ने खेल को पूरी तरह से बदल दिया है। यह शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को पावर प्ले में जोखिम लेने की आजादी देता है। उन्होंने यह भी महसूस किया कि यह गेंदबाजों के लिए अनुचित है क्योंकि यह इम्पैक्ट प्लेयर रूल बल्लेबाजों को स्वतंत्रता देता है, जो क्षेत्ररक्षण प्रतिबंधों के कारण गेंदबाजी को मुश्किल बनाता है।

उन्होंने कहा, प्रभावी खिलाड़ी नियम ने खेल को बहुत बदल दिया है। जैसा कि हमने कुछ खिलाड़ियों की टिप्पणियों से देखा है, यह शीर्ष तीन बल्लेबाजों को मुक्त करता है - वे अधिक जोखिम उठा सकते हैं। एक तरह से यह थोड़ा अनुचित लगता है, और मैंने इसके बारे में कुछ आलोचनाएं साझा की हैं। क्षेत्ररक्षण प्रतिबंध केवल दो क्षेत्ररक्षकों को रिंग के बाहर रखने की अनुमति देते हैं, साथ ही शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए अतिरिक्त स्वतंत्रता, गेंदबाजों के लिए चीजों को जटिल बनाती है। लेकिन यह बल्लेबाजों के लिए रोमांचक है। हम इस आईपीएल सीजन में 300 रन का आंकड़ा पार करते हुए देख सकते हैं।

# आईपीएल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी होगी बेहद खास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच के साथ होगी. इस ओपनिंग मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बड़ा फैसला लिया है. दरअसल, इस बार टूर्नामेंट का 18वां साल है. बोर्ड इस उपलब्धि को सेलिब्रेट करने के साथ-साथ फैंस के लिए भी खास बनाना चाहता है. इसलिए उसने सभी 13 वेन्यू पर ओपनिंग सेरेमनी कराने का फैसला किया है. सिर्फ कोलकाता ही नहीं, बल्कि हर वेन्यू के मैच से पहले एक ओपनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी. इस दौरान कई कलाकार फैंस के सामने प्रदर्शन करके धूम मचाएंगे.

**कोलकाता में 30 मिनट की सेरेमनी**

स्पोर्टस्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, पहली ओपनिंग सेरेमनी 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगी. इस दौरान बॉलीवुड सुपरस्टार और संगीत जगत की मशहूर हस्तियां 30 मिनट के इवेंट में परफॉर्म करेंगी. इसी तरह का सेलिब्रेशन पूरे सीजन के दौरान जारी रहेगा.

**सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई**

इस बार टूर्नामेंट में और फ्लेवर लाना चाहती थी, ताकि हर जगह के दर्शक ओपनिंग समारोह का लुत्फ उठा सकें. इसलिए हर जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों की एक लाइन-अप बनाने की प्लानिंग चल रही है. मौजूदा जानकारी के मुताबिक, बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल और बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी 22 मार्च को कोलकाता में उद्घाटन समारोह के दौरान परफॉर्म करेंगी. इस दौरान आईसीसी के चेयरमैन और पूर्व बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह भी मौजूद रहेंगे.

**फाइनल स्टेज पर बातचीत**

रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता के अलावा दूसरी 12 जगहों पर इवेंट के लिए कुछ प्रसिद्ध कलाकारों के साथ बोर्ड की बातचीत लगभग अंतिम स्टेज में है. 'विचार यह है कि सभी इवेंट के लिए बॉलीवुड कलाकारों का एक अलग समूह प्रदर्शन करे और इनिंग के बीच सीमित समय के साथ, इन कार्यक्रमों के लिए दो से तीन कलाकारों को शामिल किया जा सकता है.

**चेसः**

# अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज टूर्नामेंट का डीयू में आगाज, 20 मार्च तक 16 विवि के बीच टक्कर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप लाठर ने कहा कि शतरंज के मोहरों की चाल जीवन में हर तरह की विकृतियों से बचने और निर्णय लेने की सीख देती है। दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूर्नामेंट का आगाज मंगलवार से हुआ है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ(एआईयू) की ओर से इस तीन दिवसीय(18-20 मार्च) टूर्नामेंट की जिम्मेदारी डीयू को सौंपी गई है। टूर्नामेंट में देशभर से 16 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं।

इसमें 96 खिलाड़ी शामिल हैं। डीयू के खेल परिसर स्थित बहुउद्देश्यीय सभागार में मंगलवार को इस टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। इस अवसर पर डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन अनूप लाठर बतौर मुख्य अतिथि व दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के प्रिंसिपल प्रो. राजीव चोपड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप लाठर ने कहा कि शतरंज के मोहरों की चाल जीवन में हर तरह की विकृतियों से बचने और निर्णय लेने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे अंदर भविष्य में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। हम खेल खेलते हैं, खेलों से सीखते हैं और उस सीख से जीतते हैं। शतरंज एक विलक्षण खेल है। विशिष्ट अतिथि प्रो. राजीव चोपड़ा ने कहा कि खिलाड़ी कभी लूजर नहीं होता, एक हारेगा तो दूसरा जीतेगा।

डीयू के शारीरिक शिक्षा एवं खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल ने बताया कि इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूर्नामेंट में चार जोन से कुल 16 विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं। उत्तरी जोन से डीयू, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला शामिल है। पूर्वी जोन से एडमस विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग(छतीसगढ़), कलकत्ता विश्वविद्यालय तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर(छतीसगढ़) शामिल हैं।



# IPL 2025 में अंपायरिंग करेगा कोहली का दोस्त !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का पहला मैच 22 मार्च को खेला जाएगा. यह मुकाबला कोलकाता नाइट राइजर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होगा. आरसीबी को अभी तक पहले खिताब का इंतजार है. आरसीबी आईपीएल का खिताब एक बार भी नहीं जीत पायी है. इस बीच विराट कोहली के एक साथी खिलाड़ी से जुड़ी दिलचस्प खबर सामने आयी है.

कोहली के साथ खेल चुके तन्मय श्रीवास्तव आईपीएल में अंपायरिंग करेंगे. दरअसल तन्मय श्रीवास्तव अंडर 19 विश्व कप 2008 में विराट कोहली की कप्तानी में खेल चुके हैं. टीम इंडिया ने कोहली की कप्तानी में यह खिताब भी जीता था. कोहली के साथ खेल चुके तन्मय अब नई भूमिका में नजर आएंगे. उन्हें मैच ऑफिशियल की भूमिका मिली है. तन्मय को आईपीएल में अंपायर के तौर पर चुना गया है.

हालांकि वे ऑनफील्ड अंपायरिंग नहीं करेंगे. तन्मय ने करीब पांच साल पहले ही क्रिकेट छोड़ दी थी. उन्होंने इसके बाद अंपायरिंग का कोर्स किया. तन्मय ने दो सालों तक लेवल 2 का कोर्स किया और इसके बाद डोमेस्टिक क्रिकेट में अंपायरिंग करने लगे.

# इंग्लैंड: घरेलू क्रिकेट के दिग्गज जोश कोब ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट जगत में इंग्लैंड के क्रिकेटर जोश कोब एक जाना-माना नाम है, जिन्होंने 17 साल तक घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता। अब उन्होंने अपने पेशेवर क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया है। जोश कोब ने न केवल घरेलू



क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी, बल्कि युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोब ने 448 प्रोफेशनल मैच खेले हैं और अपने करियर की शुरुआत महज 17 साल की उम्र में की थी। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में स्पिन गेंदबाजी करते हुए 133 विकेट भी हासिल किए। कोब ने 2008 में 148 रन की शानदार पारी खेलकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। जोश कोब ने अपने 17 साल के करियर में 13,000 से अधिक रन बनाए। उन्होंने 448 पेशेवर मैच खेले, जिसकी शुरुआत उन्होंने महज 17 साल की उम्र में की थी। वहीं, घरेलू क्रिकेट में स्पिन गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 133 विकेट भी हासिल किए। 2008 में, 148 रन की शानदार पारी खेलकर उन्होंने सबसे कम उम्र में शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने वारविकशायर एकेडमी में युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया, जिनमें से कई अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

# मुक्केबाजी महासंघ में घमासान, सचिव-कोषाध्यक्ष निलंबित, चुनाव से पहले वित्तीय अनियमितताओं पर भी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल संहिता के अनुसार अध्यक्ष चार साल के तीन लगातार कार्यकाल पूरे कर सकता है, जबकि महासचिव और कोषाध्यक्ष चार-चार वर्ष के दो कार्यकाल पूरे करने के बाद चार वर्ष के कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाएंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) में चुनाव से पहले घमासान चरम पर पहुंच गया है। बीएफआई ने मंगलवार को महासचिव हेमंत कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया। साथ ही 28 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए कलिता के अध्यक्ष पद पर नामांकन को भी रद्द कर दिया। बीएफआई ने दोनों का निलंबन दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज सुधीर कुमार जैन की जांच रिपोर्ट के आधार पर किया है। जैन को बीएफआई ने ही महासंघ में वित्तीय अनियमितताओं की जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी।

### अध्यक्ष पद पर अब त्रिकोणीय मुकाबला

कलिता का नामांकन रद्द होने से अध्यक्ष पद पर मुकाबला अजय सिंह, राजेश भंडारी और डी चंद्रलाल के बीच रह गया है।



खेल संहिता के अनुसार अध्यक्ष चार साल के तीन लगातार कार्यकाल पूरे कर सकता है, जबकि महासचिव और कोषाध्यक्ष चार-चार वर्ष के दो कार्यकाल पूरे करने के बाद चार वर्ष के कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाएंगे। इसके बाद वे चार साल के एक कार्यकाल के लिए फिर से चुनाव लड़ने के योग्य होंगे। कर्नाटक के एन सतीश का नामांकन भी महासचिव पद पर रद्द किया गया है।

### जांच रिपोर्ट खेल मंत्रालय को भेजी

बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह की ओर से जारी पत्र में कहा गया, जस्टिस जैन ने अपनी जांच में दोनों पदाधिकारियों को वित्तीय अनियमितताओं और कुप्रबंधन का दोषी पाया है। महासंघ में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोनों को उनके पदों से निलंबित किया जाता है।

जस्टिस जैन की जांच रिपोर्ट खेल मंत्रालय को भी भेजी गई है। कलिता का नामांकन खेल संहिता के उल्लंघन पर रद्द किया गया है। जिसमें कहा गया है कि उनके बीएफआई में दो कार्यकाल पूरे हो गए हैं। उन्हें कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाना जरूरी है।

# ध्रुवपद यात्रा 2025: जयपुर में सुरों की महफिल, दूसरे और तीसरे दिन का संगीतमय सफर

जयपुर, (रॉयल पत्रिका) राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित ध्रुवपद यात्रा महोत्सव 2025 के तीसरे दिन भारत की सबसे प्राचीन शास्त्रीय संगीत परंपरा का शाश्वत सार गूंज उठा। यह प्रतिष्ठित आयोजन डागर घराने के संरक्षक स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ को समर्पित था और इसे उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर भारतीय संगीत कला और संस्कृति सोसायटी एवं डागर अभिलेखागार संग्रहालय जयपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। महोत्सव को राजस्थान सरकार के कला और संस्कृति विभाग पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र राजीविका एवं राजस्थान राज्य खान और खनिज लिमिटेड सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तिलक समारोह से हुई जिसके बाद डागर घराने के महान कलाकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके पश्चात डागर अभिलेखागार संग्रहालय द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी ने दर्शकों को शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ा। इस प्रदर्शनी में डागर घराने



की दुर्लभ तस्वीरें हस्तलिखित रचनाएं और संगीत साधना से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रदर्शित किए गए।

रेनबो पैलेट फाइन आर्ट अकादमी के युवा कलाकारों ने संगीत के भावों को रंगों में उकेरने का प्रयास किया। संत कुमार बिश्नोई के निर्देशन में हुए इस लाइव पेंटिंग सत्र में संगीत की तरंगों को कैनवास पर उतारने की अद्‍त कला देखने को मिली। शानदार मंच पृष्ठभूमि और अद्‍त दृश्य अनुभव प्रदान करने के लिए कॉल प्रो प्रोजेक्ट की टीम यूसुफ खिमानी बादशाह मियाँ और गिरिराज चिप्पा ने विशेष भूमिका निभाई जिससे समारोह की भव्यता और अधिक निखरकर सामने आई।

ध्रुवपद यात्रा 2025 के तीसरे दिन की संगीतमय संध्या कई असाधारण प्रस्तुतियों से सजी रही।मिस मैरी लाइन ऑब्री ने राग यमन में आलाप और चौताल की शानदार प्रस्तुति दी उनके साथ पखावज पर आदित्य दीप और वायलिन पर संगत करते हुए दर्शकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान किया। गुंडेचा घराने की धनी गुंडेचा ने ध्यानेश्वर देशमुख के साथ मिलकर राग केदार प्रस्तुत किया उनकी प्रस्तुति में हर स्वर आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर था। पंडित पुष्पराज कोष्टी ने राग बागेश्री में सुरबहार की दुर्लभ प्रस्तुति दी उनके गहरे ध्यानपूर्ण आलाप ने श्रोताओं को एक अलग ही लोक में पहुंचा दिया।रुद्र वीणा वादक मुरली मोहन गौड़ा ने पंडित प्रवीण आर्य पखावज की संगत में राग आदि बसंत प्रस्तुत किया। जिसमें आलाप जोड़ और चौताल का शानदार मिश्रण था। इस बार के महोत्सव में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महिला कलाकारों की उल्लेखनीय भागीदारी रही पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान माने जाने वाले इस शास्त्रीय संगीत विधा में महिलाओं की उपस्थिति ने एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। यह बदलाव न केवल ध्रुवपद की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है बल्कि इसमें महिला कलाकारों की सशक्त भूमिका को भी रेखांकित करता है।

महोत्सव के समापन सत्र में सुश्री शबाना डागर और श्री इमरान डागर ने प्रतिष्ठित कलाकारों को सम्मानित किया और भारतीय शास्त्रीय संगीत की इस अनमोल विरासत को सहेजने के अपने संकल्प को दोहराया

इस बार जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज को प्रमुख ज्ञान साझेदार के रूप में शामिल किया गया जिसके छात्रों ने महोत्सव के दस्तावेजीकरण और शोध कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई यह पहल ध्रुवपद की अमूल्य धरोहर को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है

ध्रुवपद यात्रा 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि यह महज एक संगीत महोत्सव नहीं बल्कि ध्वनि साधना और परंपरा का एक पवित्र संगम है जयपुर की इस संगीतमयी यात्रा ने संगीत प्रेमियों को सदियों पुरानी परंपरा और आधुनिकता के बीच एक दिव्य सेतु प्रदान किया इस आयोजन ने न केवल भारतीय शास्त्रीय संगीत की गरिमा को बढ़ाया बल्कि यह भी प्रमाणित किया कि ध्रुवपद की गूँज कालातीत है और यह आने वाली पीढ़ियों को भी इसी तरह प्रेरित करती रहेगी

# सुनीता विलियम्स के गांव में हर्षोल्लास, आरती और प्रार्थना के साथ मनाई गई वापसी की खुशी

अहमदाबाद (गुजरात) । नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर उनके पैतृक गांव झूलासन में उत्सव का माहौल है।गांववासियों ने आरती और प्रार्थना कर उनकी सुरक्षित वापसी का जश्न मनाया। सुनीता विलियम्स ने लगभग 9महीने अंतरिक्ष में बिताए और स्पेसएक्स क्रू-9मिशन के तहत ड्रैगन अंतरिक्ष यान से धरती पर वापस लौटीं,उनके साथ नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर, निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव भी सुरक्षित लौटे।



**परिवार और गांववासियों ने किया हवन और प्रार्थना**

सुनीता की सुरक्षित वापसी के लिए उनके चचेरे भाई दिनेश रावल ने अहमदाबाद में विशेष यज्ञ का आयोजन किया था।झूलासन गांव में भी उनकी सफल वापसी के लिए भव्य आरती और हवन का आयोजन किया गया।गांववासियों ने फूलों से सजे मंदिरों में दीप जलाकर प्रार्थना की।

**स्पेसएक्स और नासा ने की सफल लैंडिंग की पुष्टि**

स्पेसएक्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा, "ड्रैगन के स्पलैशडाउन की पुष्टि हुई - निक, सुनीता, बुच और एलेक्स, धरती पर स्वागत है!" नासा की टिप्पणीकार सैंड्रा जोन्स ने भी लैंडिंग के दृश्य को 'शांत और अविस्मरणीय' बताया।

**स्पलैशडाउन प्रक्रिया**

स्पेसएक्स के बचाव जहाजों ने ड्रैगन कैप्सूल को सफलतापूर्वक रिकवर किया।लैंडिंग से पहले क्रू ड्रैगन के पैराशूट तैनात हुए, जिससे इसकी गति 20मील प्रति घंटे से कम हो गई।ह्स्टन स्थित नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर की टीम अब अंतरिक्ष यात्रियों को गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल बनाने में मदद करेगी।

**अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने को लेकर अटकलें**

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के लंबे अंतरिक्ष प्रवास को लेकर कई अटकलें लगाई गईं।कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वे 'फंसे' या 'छोड़ दिए गए' थे।हालाँकि, नासा और स्पेसएक्स ने इन अटकलों को खारिज किया।विल्मोर का बयान: "पहले दिन से ही अफवाहें थीं कि हम फंसे हुए हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं था। हम अपने मिशन के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध थे।" सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है।उनके इस ऐतिहासिक मिशन ने अंतरिक्ष विज्ञान और मानवता के भविष्य के लिए एक नई प्रेरणा दी है।

# 2030 तक बाल विवाह खत्म करने के लिए धर्मगुरुओं की पहल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत में बाल विवाह की कुप्रथा के खात्मे के लिए एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत हुई है। 10 धर्मों और आस्थाओं के 30 प्रमुख धर्मगुरुओं ने एक बैठक में भाग लिया, जिसमें 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने के लिए राष्ट्रस्तरीय फोरम बनाने की संभावना पर चर्चा की गई। इस बैठक का आयोजन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन (आईसीपी) ने किया था, जो जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन संगठन का सहयोगी है। बैठक में धर्मगुरुओं ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने, और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग देने की दिशा में चर्चा की।




**धर्मगुरुओं का साथ: बाल विवाह के खिलाफ ऐतिहासिक एकजुटता**

बैठक में विभिन्न धर्मों के प्रमुख धार्मिक नेताओं ने बाल विवाह के खात्मे के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। इन धर्मगुरुओं ने सर्वसम्मति से तय किया कि कोई भी धर्म बाल विवाह का समर्थन नहीं करता, और किसी भी धर्म के पुरोहित या धार्मिक नेता बाल विवाह संपन्न नहीं कराएंगे। इसके अलावा, धर्मगुरुओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि बाल विवाह को खत्म करने के लिए धर्म और आस्था के प्रभाव का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि जनमानस की मानसिकता में बदलाव लाया जा सके। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु ने इस बैठक की अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा, "सभी धर्मों के धर्मगुरुओं का साथ आना बाल विवाह के खात्मे की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। बाल विवाह अपराध है और अनैतिक है। यह बच्चों से बलात्कार जैसा है।" उन्होंने आगे कहा कि यह वैश्विक आंदोलन का हिस्सा बन चुका है, और अब सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि बाल विवाह मुक्त विश्व की दिशा में भी हम आगे बढ़ रहे हैं। राम कृष्ण मिशन के स्वामी कृपाकरनंद ने इस मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए कहा, "बाल विवाह एक शैतानी प्रथा है जो सभ्यता के प्रारंभ से ही चली आ रही है। इसे समाप्त करने के लिए अब समाज और समुदाय को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि बाल विवाह के खात्मे के लिए सशक्तीकरण और जागरूकता की आवश्यकता है। डाइसिस ऑफ फरीदाबाद के आर्क बिशप मार कुरियाकोसे भरानीकुलांगारा ने भी बाल विवाह के खिलाफ अभियान को समर्थन देते हुए कहा, "विवाह सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। एक बच्चा माता-पिता की जिम्मेदारी का बोझ नहीं उठा सकता।" उन्होंने समुदायों को सशक्त बनाने और विवाह पंजीकरण को अनिवार्य बनाने की बात की।

**मुस्लिम समुदाय का समर्थन**

इस पहल को आल इंडिया इमाम आर्गनाइजेशन के सचिव फैजान मुनीर और मदरसे के प्रिंसिपल मुफ्ती असलम ने भी समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि इस्लाम में बाल विवाह की अनुमति नहीं है, और यह एक गंभीर अपराध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह संदेश पूरे देश के समुदायों और माता-पिता तक पहुंचना चाहिए ताकि वे बाल विवाह को न मंजूरी दें और न प्रोत्साहित करें।

**ब्रह्मकुमारी की भूमिका**

ओम शांति रिट्रीट की ब्रह्मकुमारी बहन हुसैन ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि समाज में जड़े जमाए इस घृणित प्रथा के खात्मे में धर्म और आस्था की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। बैठक में यह भी तय किया गया कि राष्ट्रीय स्तर के अलावा, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर भी फोरम गठित किए जाएं, ताकि उन जिलों और राज्यों में 'चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' अभियान को जमीनी स्तर पर पहुंचाया जा सके, जहां बाल विवाह की दर अधिक है। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि धार्मिक संगठनों के स्थानीय नेताओं का सहयोग लिया जाएगा, ताकि जागरूकता अभियान को सशक्त किया जा सके।

**बाल विवाह के खिलाफ सशक्त कदम**

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के 250 से अधिक सहयोगी संगठन देश के 416 जिलों में मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों और अन्य पूजा स्थलों के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैला रहे हैं। अब तक इन संगठनों ने 2,50,000 बाल विवाह रुकवाए हैं। यह संगठन स्थानीय धार्मिक नेताओं के सहयोग से बाल विवाह को रोकने की शपथ दिलवा रहे हैं, जिससे यह अभियान अधिक प्रभावी बन रहा है। भारत में बाल विवाह को खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह की रोकथाम और बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 पर प्रभावी दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करती है, जिसके तहत 2030 तक बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य है। बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरुओं की इस एकजुटता से एक नई आशा का संचार हुआ है, और यह दर्शाता है कि समाज के सभी वर्गों को इस मुद्दे पर एकजुट होने की आवश्यकता है।धर्मगुरुओं के सहयोग से 'चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' अभियान को सशक्त बनाने और इसे जमीनी स्तर तक फैलाने का प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भारत में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।

# मेरठ में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर NRI पति की हत्या

## -शव को ड्रम में भरकर किया ठिकाने

मेरठ। मेरठ में एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने NRI पति की हत्या कर दी। आरोपी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला ने मिलकर सौरभ राजपूत की बेरहमी से हत्या कर शव को ड्रम में सीमेंट से भर दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब सौरभ के परिवार ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



**कौन था सौरभ राजपूत और क्या था पूरा मामला?**

सौरभ राजपूत मेरठ के रहने वाले थे और लंदन में एक बेकरी में काम करते थे। वह महीने में एक बार भारत आते थे। उनकी शादी मुस्कान से हुई थी, लेकिन शादी के बाद मुस्कान का साहिल शुक्ला नामक युवक से प्रेम संबंध हो गया।

**हत्या की साजिश कैसे रची गई?**

पुलिस जांच में पता चला कि मुस्कान और साहिल ने नवंबर 2024 में ही सौरभ की हत्या की साजिश बना ली थी।

पहली कोशिश: मुस्कान ने पहले भी अपने पति को मारने की कोशिश की थी, लेकिन सफल नहीं हो पाई।

अंतिम योजना: 4 मार्च 2025 की रात, मुस्कान ने सौरभ के खाने में नींद की गोलियां मिला दीं। जब वह बेहोश हो गया, तो साहिल को बुलाया और दोनों ने मिलकर चाकू से उसकी हत्या कर दी।

शव को ठिकाने लगाने की प्लानिंग: हत्या के बाद दोनों ने शव को प्लास्टिक के ड्रम में डाला और उसे सीमेंट से भरकर घर में ही रख दिया, ताकि किसी को शक न हो।

**हत्या के बाद हत्यारे शिमला घूमने चले गए**

हत्या के बाद मुस्कान और साहिल बेफिक्र होकर शिमला घूमने चले गए। उन्होंने यह दिखाने की कोशिश की कि सौरभ लापता हो गया है और वे सामान्य जीवन जी रहे हैं।

**पुलिस ने कैसे किया खुलासा?**

18 मार्च को सौरभ के भाई बब्लू ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और मुस्कान पर शक जताया।

पुलिस ने मुस्कान और साहिल से पूछताछ की, जहां वे बार-बार अपने बयान बदल रहे थे।

जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया और शव की जानकारी दी।

पुलिस ने घर से ड्रम में भरा सौरभ का शव बरामद किया।

**कोर्ट में पेशी के दौरान वकीलों ने की पिटाई**

19 मार्च को मुस्कान और साहिल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां वकीलों ने दोनों पर हमला कर दिया।

गुस्साए वकीलों ने साहिल के कपड़े फाड़ दिए और दोनों को पीटने की कोशिश की।

पुलिस ने किसी तरह दोनों को बचाकर जेल भेज दिया।

**परिवार का क्या कहना है?**

मुस्कान के पिता प्रमोद रस्तोगी ने कहा कि उनकी बेटी को फांसी की सजा मिलनी चाहिए क्योंकि उसने जीने का हक खो दिया है। सौरभ के परिवार ने भी दोनों आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

**क्या हो सकता है आगे?**

पुलिस ने दोनों आरोपियों पर हत्या, साजिश रचने और सबूत मिटाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

कोर्ट में आगे सुनवाई के बाद दोनों को फांसी या उम्रकैद की सजा हो सकती है।

यह मामला दिखाता है कि कैसे एक प्रेम संबंध ने एक निर्दोष की जान ले ली और एक परिवार को तबाह कर दिया

# भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दिशा कल्याणक पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निर्देशानुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दिशा कल्याणक के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 20 मार्च से 22 मार्च 2025 तक विभिन्न अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों जिनमे पंजीकृत मदरसा स्कूलों, अल्पसंख्यक बालक एवं बालिका छात्रावास एवं अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त संस्थानों में आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें जैन धर्म के सिद्धांतों और शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

राजस्थान मदरसा बोर्ड के आदेशानुसार, इन कार्यक्रमों में निबंध लेखन, पोस्टर बनाना, पेंटिंग प्रतियोगिता और व्याख्यान जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह और न्याय की भावना को बढ़ावा देना है।

**मदरसों और अल्पसंख्यक छात्रावास में हुआ विशेष आयोजन**

जयपुर के विभिन्न मदरसों जिनमे मदरसा जामिया महमुदुल कुरआन और मदरसा जिया उल कुरआन में भी इन आयोजनों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रवास मानसरोवर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिषेक सिद्ध, छात्रावास अधीक्षक शबनम खान एवं सभी छात्राओं ने जैन तीर्थकर ऋषभदेव जी कों पुष्प अर्पित कर भगवान ऋषभदेव जयंती मनाई।वहीं इस दौरान छात्र छात्राओं को भगवान ऋषभदेव के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने कहा, "भगवान ऋषभदेव न केवल जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थे, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के आधार स्तंभ भी रहे हैं। उन्होंने समाज को नैतिकता, अहिंसा और मानवता की राह दिखाई।" यह आयोजन सामाजिक समरसता और शांति के संदेश को फैलाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को जैन धर्म की गहराइयों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है

# नाग तलाई नाले की मरम्मत और छपाई की मांग

## -पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर खान ने UDH मंत्री को सौंपा ज्ञापन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम हेरिटेज वार्ड 26, 29 और 30 के अंतर्गत आने वाले नाग तलाई नाले की दयनीय स्थिति को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। वार्ड 30 की पार्षद जमीला बेगम और पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर खान ने राज्य के शहरी विकास एवं आवास (UDH) मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंप कर नाले की मरम्मत और छपाई की मांग की।मोहम्मद शाकिर खान ने बताया कि नाले की छपाई के लिए पहले ही टेंडर जारी किया जा चुका था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नाले की दीवारें कई स्थानों पर टूट चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। बारिश के मौसम में यह समस्या और विकराल हो सकती है, जिससे जान-माल के नुकसान की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने भी जल्द से जल्द नाले की मरम्मत और छपाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# पटना में राष्ट्रगान रुकवाने पर विवादों में घिरे CM नीतीश कुमार, राजनीतिक घमासान तेज

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि राष्ट्रगान रुकवाने का विवाद है। गुरुवार को पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपकटाकरा वर्ल्ड कप 2025 के उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने राष्ट्रगान को शुरू होने से पहले रुकवा दिया।

क्या हुआ कार्यक्रम में?

कार्यक्रम शुरू होने से पहले जब राष्ट्रगान बजने ही वाला था, तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से इशारा किया और कहा – 'पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा।' उनके इस निर्देश के बाद मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान रुकवा दिया। मुख्यमंत्री स्टेडियम का चक्कर लगाने निकल गए और कुछ देर बाद मंच पर लौट आए। जब दोबारा राष्ट्रगान शुरू हुआ, तो इस दौरान नीतीश कुमार हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे। यहां तक कि जब प्रधान सचिव दीपक कुमार ने उन्हें सावधान मुद्रा में रहने का इशारा किया, तब भी मुख्यमंत्री पत्रकारों की ओर देखकर हाथ जोड़कर अभिवादन करते रहे।

**राजनीतिक विवाद और विरोधियों के तीखे हमले**

नीतीश कुमार के इस व्यवहार को लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा –

"राष्ट्रगान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। बिहारवासियों, अब भी कुछ बचा है?"

इसी तरह BJP MLC सुनील कुमार सिंह ने फेसबुक पर लिखा –

"जिस तरह से आज राष्ट्रीय गान का घोर अपमान किया गया है, राज्य के सभी लोगों को इसकी कड़ी निंदा करनी चाहिए।"

**लगातार सुर्खियों में रहे हैं नीतीश कुमार**

यह कोई पहली बार नहीं है जब बिहार के मुख्यमंत्री किसी विवाद में फंसे हों। पिछले कुछ महीनों में उनकी कई हरकतें चर्चा का विषय बनी हैं।

**नीतीश बनाम विपक्ष: राजनीतिक समीकरण पर असर?**

नीतीश कुमार के इस विवादित कदम से बिहार की राजनीति गरमा गई है। JDU और NDA के अंदर भी असहजता बढ़ रही है।

क्या बीजेपी इस मुद्दे पर चुप रहेगी, या गठबंधन में तनाव बढ़ेगा?

क्या RJD इस घटना को आगामी चुनाव में मुद्दा बनाएगी?

**क्या कहता है कानून?**

भारतीय संविधान के अनुसार, राष्ट्रगान के दौरान सावधान मुद्रा में खड़ा रहना आवश्यक है। नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रगान रुकवाना और फिर अभिवादन करना संविधान की भावना के खिलाफ माना जा सकता है।

**अगले कुछ दिनों में बढ़ सकता है विवाद**

इस पूरे मामले के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर नीतीश कुमार पर हमलावर हैं, और आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में उथल-पुथल मच सकती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्यमंत्री इस विवाद पर क्या सफाई देते हैं

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,